देश की वर्तमान राजनीतिक स्थितियों की चर्चा करें तो भाजपा अभी सबसे मजबूत दल है। देश के जिन हिस्सों के बारे में कहा जाता था कि वहां कभी कमल नहीं खिल सकता, वहां भी भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार है। इसके उलट अगर क्षेत्रीय दलों की बात करें तो वे अपनी ही समस्याओं से त्रस्त हैं। ऐसे अधिकांश दल मुख्य रूप से क्षेत्रीय अस्मिता, उपराष्ट्रवाद और एक करिश्माई नेतृत्व के बूते ही पनपते रहे हैं। क्षेत्रीय अस्मिताओं के मुद्दे एक सीमा तक ही प्रभावी या उपयोगी हो सकते हैं। कुछ क्षेत्रीय दलों के संस्थापक या तो अब इस दुनिया में नहीं रहे और कुछ वृद्धावस्था से जुड़ी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। इस कारण इन दलों में अक्सर राजनीतिक उत्तराधिकार और विरासत को लेकर तकरार से जुड़े समाचार भी रह-रहकर सामने आते रहते हैं। रही सही-कसर लंबे समय से सत्ता से दूरी पूरी कर देती है, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों का इनसे मोहभंग हो जाता है। तृणमूल से पहले महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी इन्हीं स्थितियों से दो-चार हो चुकी हैं।




अवधेश राजपूत

इन तमाम कसौटियों पर तृणमूल का मामला एक कदम और आगे दिखता है। ममता बनर्जी की अपनी राजनीति का ब्रांड तो सादगी पर आधारित रहा, लेकिन वे इसे अपनी पार्टी में कायम नहीं रख पाईं। वामपंथी शासन वाले बंगाल में पहले कांग्रेस और फिर अपनी पार्टी बनाकर सत्ता के लिए संघर्ष कर रहीं ममता को नंदीग्राम-सिंगुर आंदोलन ने सरकार बनाने की चाबी सौंपी। अब या तो इसे इस आंदोलन की ऊर्जा कहें या बंगाल की राजनीति का चरित्र कि उनकी पार्टी का पूरे राज्य पर वर्चस्व स्थापित हो गया। ममता बनर्जी ने अपने स्तर पर तो सबको साथ लेकर चलने का भाव दिखाया, लेकिन उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी धीरे-धीरे सरकार और संगठन में हावी होते गए। कई वरिष्ठ नेता इसे लेकर असहज तो रहते, लेकिन कहते कुछ नहीं थे। स्थानीय नेताओं को आलाकमान से मिली छूट ने भी तृणमूल का बेड़ा गर्क किया, क्योंकि दबंग प्रवृत्ति के इन नेताओं ने अपने क्षेत्रों को अपनी जागीर समझकर उसे उगाही का जरिया बना लिया था। आमजन के मामले में उनके दखल से जनता के मन में असंतोष पनपने लगा, जिसकी अभिव्यक्ति इस समय राज्य के विभिन्न हिस्सों में देखने को भी मिल रही है।

स्पष्ट है कि जनता तृणमूल की सत्ता से विदाई की प्रतीक्षा कर रही थी कि समय आने पर वह उनको सबक सिखाएगी। यह इससे और स्पष्ट होता है कि हार तो अन्य राजनीतिक दलों के हिस्से में भी आती है, लेकिन हारने के बाद पार्टी के नेताओं को ऐसे विरोध का सामना नहीं करना पड़ता, जैसा तृणमूल के नेताओं को करना पड़ रहा है। यही कारण है कि राज्य से लेकर केंद्रीय स्तर के नेता तृणमूल या उसके शीर्ष नेतृत्व से अपना पीछा छुड़ाने को प्राथमिकता देते दिख रहे हैं। पार्टी के विधायकों से लेकर सांसद तक विभाजित हो गए हैं। अन्य दलों से तुलना करें तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी लंबे समय से सत्ता से बाहर हैं, लेकिन वहां कभी ऐसी भगदड़ देखने को नहीं मिली। बंगाल के पड़ोसी ओडिशा में तो नवीन पटनायक की बीजद बहुत लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन सत्ता से बेदखल होने के बाद भी राज्य में पार्टी के नेताओं को न तो ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा और न ही वहां नेताओं में ऐसी भगदड़ देखी गई। हालिया चुनाव के बाद तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के धड़ों के बीच भी कुछ खटपट हुई, लेकिन कुछ ही समय में सब कुछ शांत भी हो गया।

इन परिस्थितियों का सार यही है कि राजनीतिक दलों विशेषकर क्षेत्रीय दलों को समय के साथ अपना रवैया सुधारना होगा। अब परिवार केंद्रित राजनीति की समीक्षा करनी होगी, क्योंकि जनता से लेकर कार्यकर्ताओं की कसौटी पर इसे निरंतर कसा जाएगा। करिश्माई नेताओं के भरोसे रहने वाली पार्टियों को समय के साथ उनके विकल्प भी तैयार करने होंगे। पार्टियों को केवल सत्ता के गोंद से नेताओं को चिपकाए रखने के बजाय वैचारिक घुट्टी पिलाने को भी प्राथमिकता देनी होगी। तृणमूल के पराभव में इसी पहलू की सबसे अहम भूमिका रही। वैसे तो ये समस्या क्षेत्रीय दलों तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि कांग्रेस भी इन पहलुओं को लेकर कहीं ज्यादा परेशान है। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा को भी समझना होगा कि सत्ता का संकेंद्रण और कुछ चेहरों पर अतिशय निर्भरता दूरगामी भविष्य के लिए बहुत सकारात्मक नहीं होगी।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं सेंटर फार पालिसी रिसर्च में फेलो हैं)
response@jagran.com

# और बढ़ी संतान से संवाद की महत्ता



डा. ऋतु सारस्वत

**छोटे परिवार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और संवाद के घटते अवसरों ने लड़कियों में भावनात्मक अकेलापन बढ़ाया है**

हाल में ब्रिटिश संसद में ग्रूमिंग गैंग्स को लेकर हुई बहस ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। बीते दो दशकों में ग्रूमिंग गैंग्स से जुड़े मामलों में ब्रिटेन की हजारों बालिकाएं और किशोरियां यौन शोषण का शिकार हुई हैं। संसद में गृह सचिव ने कहा, 'अपराधियों में पाकिस्तानी मूल के टैक्सी चालक तथा व्यापारी शामिल थे।' ब्रिटेन में ग्रूमिंग गैंग्स को लेकर चल रही बहस भारत के उस काले अध्याय की याद दिलाती है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। राजस्थान के अजमेर में 1992 में 11 से 20 आयु वर्ग की 100 से अधिक स्कूली और कालेज छात्राओं के यौन शोषण और ब्लैकमेल का मामला सामने आया था। 2024 में जयपुर की विशेष पाक्सो अदालत ने नफीस चिश्ती, इकबाल भाटी, सलीम चिश्ती, सैयद जमीर हुसैन, नसीम उर्फ तरजान तथा सुहैल गनी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, किंतु 2025 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने इनमें से कुछ की सजा निलंबित करते हुए उन्हें जमानत दे दी।

ऐसी घटनाएं प्रायः एक क्रमिक प्रक्रिया का परिणाम होती हैं, जिसमें पहले विश्वास अर्जित किया जाता है, फिर भावनात्मक निकटता विकसित की जाती है और अंततः केवल विचारों और निर्णयों पर ही नहीं, बल्कि व्यक्ति की देह और स्वतंत्रता पर भी नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। किशोरावस्था जीवन का वह चरण है, जब व्यक्ति अपनी पहचान की खोज में होता है। मनोविज्ञानी एरिक एरिक्सन ने इसे 'पहचान बनाम भूमिका भ्रम' का चरण कहा है। इस अवस्था में किशोर और किशोरियां यह समझने का प्रयास करते हैं कि वे कौन हैं और दूसरों की दृष्टि में उनकी पहचान क्या है। स्वीकृति, मित्रता, अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव की आवश्यकता इस आयु में स्वाभाविक रूप से अधिक होती है। यही कारण है कि यदि कोई व्यक्ति योजनाबद्ध ढंग से किसी किशोरी का विश्वास अर्जित करे और उसे विशेष होने का अहसास कराए, तो उसका प्रभाव अपेक्षा से कहीं अधिक गहरा हो सकता है। कई बार किशोरी यह समझ ही नहीं पाती कि जिसे



बच्चों के लिए आवश्यक है भावनात्मक संबल | प्रतीकात्मक

वह प्रेम और अपनापन समझ रही है, वह वास्तव में एक सुनियोजित जाल है, जिसमें भावनात्मक निकटता का उपयोग नियंत्रण और शोषण के साधन के रूप में किया जाता है। आन बोल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को भावनात्मक सुरक्षा और जुड़ाव की आवश्यकता होती है। जब यह आवश्यकता परिवार, मित्र समूह अथवा सामाजिक परिवेश में पर्याप्त रूप से पूरी नहीं हो पाती, तो व्यक्ति उसकी तलाश अन्य स्रोतों में करने लगता है।

यदि प्रत्येक किशोर को भावनात्मक सुरक्षा और जुड़ाव की आवश्यकता होती है, तो प्रश्न है कि इसकी पूर्ति सबसे पहले कहां होनी चाहिए। सामान्यतः इसका उत्तर परिवार है। परिवार केवल आर्थिक या भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली संस्था नहीं है, बल्कि वह भावनात्मक सुरक्षा, संवाद, विश्वास और आत्मीयता का भी प्रमुख स्रोत होता है। जब परिवार और किशोरों के बीच संवाद कमजोर पड़ने लगता है, जब किशोर अपनी भावनाओं, आशंकाओं और अनुभवों को खुलकर साझा नहीं कर पाते, तब भावनात्मक दूरी उत्पन्न होने लगती है। ऐसी परिस्थितियों में कई बार किशोर अपने परिवार के बाहर ऐसे संबंधों की तलाश करने लगते हैं जहां उन्हें सुना जाए, समझा जाए और महत्व दिया जाए। यही कारण है कि किशोरावस्था में परिवार की भूमिका केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास का आधार भी बन जाती है। प्रेम और जुड़ाव की आवश्यकता मनुष्य की मूल आवश्यकताओं में से एक है। किशोरावस्था में, जब व्यक्ति अपनी पहचान और सामाजिक स्वीकृति की खोज में होता है, तब अपनापन और महत्व का अनुभव उसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

समाज कितना भी परिवर्तित क्यों न हो जाए और माता-पिता अपने कार्यों में कितने भी व्यस्त क्यों न हों, बच्चों के प्रति उनका दायित्व सर्वोपरि है। आज संयुक्त परिवारों के स्थान पर छोटे परिवार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और संवाद के घटते अवसरों ने अनेक किशोरों में भावनात्मक अकेलेपन की भावना को बढ़ाया है। बच्चों को केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि समय, संवाद, विश्वास और उपस्थिति की भी आवश्यकता होती है। जब परिवार अपने बच्चों के भावनात्मक संसार से जुड़ा रहता है, तब अनेक संभावित जोखिमों को प्रारंभिक स्तर पर ही पहचाना और रोका जा सकता है। जिन समाजों में परिवार, संस्कृति और सामाजिक मूल्य अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ होते हैं, वहां इस प्रकार की घटनाओं की आशंका अपेक्षाकृत कम होती है। साथ ही एक सजग निगरानी तंत्र भी आवश्यक है। इसका अर्थ तथाकथित 'हेलीकाप्टर पैरेंटिंग' नहीं है और न ही बच्चों की निजता का निरंतर अतिक्रमण है। इसका मतलब केवल इतना है कि परिवार, विद्यालय और समाज, तीनों किशोरों के जीवन में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील और सतर्क रहें।

(लेखिका समाजशास्त्र की प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### वाणी पर नियंत्रण

परमात्मा ने वाक् शक्ति लगभग सभी जीवों को दी है। जीव अपने-अपने ढंग से स्वयं को व्यक्त करते हैं। पशु-पक्षियों को किन्हीं विशेष अवसरों पर ही बोलते हुए देखा-सुना जाता है। एक मनुष्य ही है जिसने अपनी वाक् शक्ति का सर्वाधिक उपयोग किया है। सभी जीवों में एक मनुष्य ही है, जो कभी भी बोलने लगता है।

वाक् शक्ति वस्तुतः भावनाओं के आदान-प्रदान को त्वरित और सुगम बनाने का माध्यम थी। इससे सामाजिक मेलजोल को एक पुष्ट अधार मिलता था। अब वाक् शक्ति से सामाजिक संबंधों पर आघात हो रहे हैं। मनुष्य आत्म प्रशंसा में और पर निंदा में धारा प्रवाह बोल सकता है। मनुष्य की सबसे बड़ी व्याधि उसके अंदर जड़ें जमा कर बैठा अहं है। पर निंदा भी अहं तुष्टि का ही एक भाग है, क्योंकि मनुष्य किसी भी अन्य की श्रेष्ठता को अपने से उच्च स्वीकार नहीं करना चाहता। अहं कदापि संतुष्ट नहीं होता। इसी कारण मनुष्य का शब्दों से प्रेम गहरा होता गया है। एक अजीब परिदृश्य बन गया है। राह चलते, यात्रा करते, खाते हुए, देखते हुए, घर में या घर के बाहर किसी भी स्थान पर लोग बातें किए जा रहे हैं। इस वाचालता का अधिकांश अनर्गल होता है जिससे न तो बोलने और न सुनने वाले का कोई हित होता है। यह परमात्माप्रदत्त शक्ति का दुरुपयोग है। दुरुपयोग सदैव विनाशक परिणाम लाता है। इससे संबंध तनावपूर्ण हो रहे हैं, टूट रहे हैं। मानसिक शांति भंग हो रही है। मोतियों की माला सदैव छोटी होती है। फूलों की माला बड़ी होती है। फूलों का अहं उनकी सुगंध और रंग में प्रकट होता है। इसी कारण वह माला शीघ्र मुरझा जाती है। बड़े होने पर मोल भी कम होता है। मोती शांत और सौम्य हैं। लघु होने के बाद भी चिरजीवी हैं और मूल्यवान भी। उन्हें सहेज कर रखा जाता है। ऐसे ही वाक् शक्ति है।

डा. सत्येंद्र पाल सिंह

# कानून के बावजूद जीवित कुप्रथाएं

देवेंद्रराज सुथार

**जिलों में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जहां सामाजिक बहिष्कार की शिकायत आते ही 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो**

हाल में राजस्थान के सिरोही जिले के मंडवारिया गांव में एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ने अपने परिजन की मृत्यु के बाद आयोजित मृत्युभोज में परंपरा के अनुसार शुद्ध घी के मालपुए नहीं बनवाए। परिवार की आर्थिक स्थिति इसकी अनुमति नहीं देती थी, इसलिए उसने साधारण भोजन कराया, लेकिन यही निर्णय उसके लिए सामाजिक सजा का कारण बन गया। कथित पंचों ने परिवार का बहिष्कार कर दिया और उनका साथ देने वाले 42 अन्य परिवारों को भी दंडित कर दिया। देखते ही देखते 43 परिवार गांव में अलग-थलग पड़ गए। देश में सामाजिक बहिष्कार के विरुद्ध कानून है, मृत्युभोज पर प्रतिबंध है, संविधान का अनुच्छेद 17 भेदभाव को दंडनीय अपराध घोषित करता है। कानून किताबों में बंद रहें और जमीन पर उनका कोई असर न हो तो उनका क्या मूल्य।

ग्रामीण भारत में जाति पंचायतों की जो समानांतर सत्ता चलती है वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। ये पंचायतें तय करती हैं कि कौन क्या खाएगा, कहां बैठेगा, किससे विवाह करेगा और किस कुएं से पानी भरेगा। यह निर्णय संविधान की किसी भी धारा पर आधारित नहीं होते, ये केवल उस सामाजिक ताकत पर टिके होते हैं जो पीढ़ियों से जमी हुई है। इन पंचायतों के फरमानों के सामने सरकारी कानून बौने पड़ जाते हैं, क्योंकि गांव के गरीब आदमी के लिए समाज की स्वीकृति कानून से भी बड़ी जरूरत होती है। वह जानता है कि अगर पंच नाराज हो गए तो न बेटी की शादी होगी, न खेत में काम मिलेगा, न दुकान से उधार मिलेगा। इसीलिए वह चुप रहता है, झुकता है और अपनी गरीबी में और गहरे धंसता जाता है।

शिक्षा को इस समस्या का समाधान बताया जाता है और यह बात पूरी तरह गलत भी नहीं है, लेकिन केवल साक्षरता से यह काम नहीं होगा। देश में ऐसे पढ़े-लिखे लोगों की कमी नहीं जो दहेज भी देते हैं, मृत्युभोज भी करते हैं और जाति के नाम पर भेदभाव भी करते हैं। असली शिक्षा वह है जो आदमी को यह समझाए कि उसके अधिकार क्या हैं, उसकी गरिमा क्या है और परंपरा के नाम पर जो उस पर थोपा जा रहा है वह अन्याय है। यह चेतना जब तक नहीं आएगी तब तक कोई भी कानून, कोई भी सरकार और कोई भी योजना इस समस्या की जड़ तक नहीं पहुंच पाएगी। राज्य सरकारों की जिम्मेदारी सबसे अधिक है। उन्हें केवल कानून नहीं बनाने हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि वे कानून गांवों तक पहुंचें। हर जिले में एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जहां सामाजिक बहिष्कार की शिकायत आते ही चौबीस घंटे के भीतर कार्रवाई हो। दोषियों की गिरफ्तारी हो और उन्हें सजा मिले। यह एक-दो मामलों में हो जाए तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा कि परंपरा के नाम पर किसी को कुचलने का अधिकार किसी को नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### भारतीय होने का प्रमाण

'नागरिकता का प्रमाणपत्र' शीर्षक से प्रकाशित संजय गुप्त का आलेख भारत में नागरिकता के विधिक और प्रशासनिक संकट का दर्पण है। आम तौर पर हम आधार, वोटर आइडी या पासपोर्ट को ही नागरिकता का अंतिम प्रमाण मान लेते हैं, लेकिन कानूनन ये केवल विशिष्ट कार्यों से जुड़े दस्तावेज हैं। नागरिकता इन दस्तावेजों से पैदा नहीं होती, बल्कि नागरिकता अधिनियम, 1955 के कानूनी प्रविधानों से तय होती है। यह स्थिति विभाजन और उसके बाद जनसांख्यिकीय बदलावों से उपजी चुनौतियों का परिणाम है। शुरुआत में राष्ट्र-निर्माण के लक्ष्य के साथ हमारा कानून उदार था, लेकिन बदलते वक्त और अवैध घुसपैठ की गंभीर चुनौतियों के कारण संसद को 1986, 2003 और 2019 के संशोधनों के जरिये नियमों को लगातार सख्त करना पड़ा। जिस भारत ने आधार जैसी दुनिया की सबसे बेहतरीन डिजिटल पहचान प्रणाली खड़ी कर दी, वहां का आम नागरिक इस कशमकश में है कि उसकी नागरिकता का अकाट्य कानूनी दस्तावेज आखिर है कौन सा? अतः देश में फर्जी दस्तावेजों के बढ़ते जाल को रोकने और सुशासन के लिए एक सर्वमान्य नागरिकता प्रमाणपत्र जारी होना अनिवार्य है। राष्ट्र अपने नागरिकों को एक ऐसा विधिक दस्तावेज दे, जिसके बाद किसी भी भारतीय को कभी यह न पूछना पड़े- मैं भारतीय हूं... इसे सिद्ध कैसे करूं?

pramodkgoelpnb2014@gmail.com

### अमेरिकी सपना, भारतीय चुनौती

स्टाफिंग फर्म एक्सफेनो के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 7,300 से अधिक भारतीय आइटी पेशेवर अमेरिका से भारत लौट चुके हैं। वर्ष 2025 में यह संख्या 15,100 और 2024 में 9,700 थी। एक ओर भारत का 280 अरब डालर का आइटी आउटसोर्सिंग उद्योग मंदी के दौर से गुजर रहा है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका से लौट रहे उच्च शिक्षित और अनुभवी पेशेवरों के कारण नौकरी की प्रतिस्पर्धा और अधिक बढ़ गई है। अमेरिका के आइटी क्षेत्र में आई मंदी का सबसे बड़ा असर भारतीय पेशेवरों पर पड़ा है। मेटा, अमेजन और माइक्रोसाफ्ट जैसी बड़ी कंपनियों से नौकरी गंवाने वाले तथा एच-1बी वीजा की अवधि समाप्त होने के कारण हजारों भारतीय स्वदेश लौट आए हैं, लेकिन भारत में भी आइटी क्षेत्र में भर्ती की रफ्तार धीमी होने से उन्हें 'नो वैकेंसी' का सामना करना पड़ रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद और गुरुग्राम के स्टार्टअप तथा ग्लोबल कैप्टिव सेंटर (जीसीसी) कुछ हद तक अनुभवी उम्मीदवारों को अवसर दे रहे हैं, लेकिन उपलब्ध पद सीमित हैं। दूसरी ओर, कई उम्मीदवारों की वार्षिक वेतन अपेक्षा लगभग एक करोड़ रुपये या उससे अधिक होने के कारण भारतीय आइटी कंपनियों के लिए उन्हें नियुक्त करना आसान नहीं है। परिणामस्वरूप, उन्हें अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी नहीं मिल पा रही है। कभी अमेरिका में ऊंचे वेतन पर काम करने वाले इन भारतीय आइटी पेशेवरों की स्थिति आज 'आसमान से गिरकर खजूर में अटकने' जैसी हो गई है।

दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

### जलवायु परिवर्तन की गंभीर चेतावनी

भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्सों में खतरनाक गर्मी और उमस भरे दिनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यूरोप में लंदन से मिलान तक हीट वेव को लेकर चेतावनियां जारी की गई हैं, वहीं भारत में भी अत्यधिक उमस और बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित किया है। विगत 25 वर्षों में भारत में उमस भरे गर्मी वाले दिनों की संख्या प्रतिवर्ष औसतन 101 से बढ़कर 141 पहुंच गई है। यह वृद्धि मानव जनित जलवायु परिवर्तन की देन है। अत्यधिक गर्मी केवल असुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। इससे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, हृदय और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। समाज और सरकार को मिलकर पौधारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण और जलवायु संरक्षण पर कार्य करना चाहिए।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एजीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**39** लाख वर्ग किमी रह गया था सितंबर 2024 में आर्कटिक में समुद्री बर्फ का क्षेत्रफल, जो वर्ष 1979 में उपग्रह से माप शुरू होने के बाद का सबसे न्यून स्तर है, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एंड आइस डाटा सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार।

आजकल

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र का पुनर्गठन और भारत

**राजनीतिक भूगोल की भाषा में नाम महज पहचान नहीं होते हैं, बल्कि वे शक्ति और सत्ता के दावे भी होते हैं। पूर्व में ब्रिटेन ने बंबई (अब मुंबई) को अपने समुद्री व्यापार का केंद्र बनाया या अमेरिका ने तेल-समृद्ध पश्चिम एशिया को मिडिल ईस्ट की संज्ञा देकर अपनी रणनीति में पिरोया, तब हर बार एक भौगोलिक नाम के कुछ निहितार्थ थे। आज जब अमेरिका ने 'इंडो-पैसिफिक कमांड' से 'इंडो' को हटा दिया, तो यह भी उसी परंपरा की अगली कड़ी है जो संकेत करती है कि हिंद महासागर अमेरिकी प्राथमिकता से दूर हो रहा है**



प्रो. एम. एल. मीणा
विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

भौगोलिक दृष्टि से देखें तो हिंद महासागर और प्रशांत महासागर दो अलग जलराशियां हैं, लेकिन व्यापार, ऊर्जा-आपूर्ति और सामरिक दृष्टि से ये एक-दूसरे से अविभाज्य हैं। दुनिया का लगभग 80 प्रतिशत समुद्री व्यापार इन्हीं दोनों महासागरों से होकर गुजरता है। खाड़ी देशों का तेल, पूर्वी एशिया के बंदरगाह, मलक्का जलडमरूमध्य का व्यापारिक मार्ग और दक्षिण-पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाएं, सब इसी विशाल भू-जलीय क्षेत्र में समाई हुई हैं। हिंद महासागर अकेले विश्व के एक तिहाई थोक कार्गो परिवहन, आधे से अधिक कंटेनर यातायात और दो-तिहाई तेल शिपमेंट का मार्ग बनाता है। इसलिए यह महासागर जिनके प्रभाव में होंगे, वह वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज को भी नियंत्रित करेगा।

इसीलिए जब 2007 में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो एबी ने इन दोनों महासागरों को एक साझा सामरिक क्षेत्र के रूप में देखने का विचार प्रस्तुत किया, तो यह भूगोल और शक्ति-राजनीति का एक नया संगम था। अमेरिका ने 2018 में इसे आधिकारिक मान्यता दी और अपने सबसे बड़े सैन्य कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड रख दिया था। इसके पीछे स्पष्ट संदेश था कि भारत इस पूरे क्षेत्र की धुरी है, और उसके बिना कोई भी क्षेत्रीय सुरक्षा-व्यवस्था अधूरी होगी। यह नामकरण ओबामा की एशिया पिवट नीति (2011) से शुरू हुई यात्रा का अगला पड़ाव था, जो बाद में जो बाइडन की इंडो-पैसिफिक रणनीति (2022) तक पहुंचते-पहुंचते 15 वर्षों में दो अलग-अलग दलों की साझा सहमति बन चुकी थी।

अब अमेरिका के द्वारा उसी सामरिक सोच में बदलाव करते हुए 'इंडो' शब्द को हटा दिया गया है। इस बदलाव को ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पूरी नीतिगत दिशा के साथ रखकर समझना बेहतर होगा। नवंबर 2025 की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में अमेरिका की मुख्य चिंता पश्चिमी गोलार्ध यानी लैटिन अमेरिका, मैक्सिको और कैरेबियाई क्षेत्र तक सिमट गई थी। यह भौगोलिक दृष्टि से एक बड़ा पीछे हटना है, क्योंकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र जो वैश्विक जीडीपी का 60 प्रतिशत है, उसे उस प्राथमिकता से वंचित किया गया, जो मिलनी चाहिए थी।

भूगोल की दृष्टि से देखें तो अमेरिका की असली चिंता अब ताइवान जलडमरूमध्य है, जो चीन की मुख्य भूमि और ताइवान द्वीप को अलग करती है। यह दुनिया का सबसे संवेदनशील भू-सामरिक बिंदु बनता जा रहा है। जापान के द्वीप, फिलीपींस की खाड़ियां और दक्षिण कोरिया के बंदरगाह इस मोर्चे पर भौगोलिक रूप से सबसे नजदीक हैं, इसलिए वाशिंगटन की नजर में वे अपरिहार्य हैं। ये देश उसी फर्स्ट आइलैंड चेन का हिस्सा हैं जो चीन की नौसैनिक शक्ति को प्रशांत महासागर में खुले समुद्र तक पहुंचने से रोकती है। भारत इस अग्रिम मोर्चे से भौगोलिक रूप से थोड़ा दूर है। इसलिए अमेरिका की नजर में भारत एक उपयोगी साझेदार तो है, लेकिन एक अनिश्चित और शर्त सापेक्ष साझेदार ज्यादा है, जिस पर भरोसा तो किया जा सकता है, लेकिन गठबंधन की पहली पंक्ति में नहीं रखा जा सकता है।

भू-राजनीति में जब कोई बड़ी ताकत किसी क्षेत्र से ध्यान हटाती है, तो दूसरी ताकत उस रिक्त स्थान को भरने की कोशिश करने लग जाती है। इतिहास बताता है कि यह संक्रमण हमेशा शांतिपूर्ण नहीं होता है। हिंद महासागर में यह रिक्तता चीन स्ट्रिंग आफ पर्ल्स नीति के माध्यम से तेजी से भर रहा है। इसलिए उसने श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह में 99 साल की लीज ली, तो पाकिस्तान के ग्वादर में गहरे समुद्री बंदरगाह का निर्माण किया है। दूसरी ओर, म्यांमार के क्याकप्यू में बंदरगाह बना रहा है और पूर्वी अफ्रीका के जिबूती में अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डे का आधुनिकीकरण कर रहा है।

प्रशांत महासागर के पश्चिम में स्थित हिंद महासागर भारत का स्वाभाविक और ऐतिहासिक क्षेत्र है। यदि अमेरिका यहां से पीछे हटता है और चीन आगे बढ़ता है, तो क्या भारत एक ऐसी स्थिति में है कि वह आने वाले समय में शक्ति संतुलन स्थापित कर सके। तथापि, यह परिस्थिति केवल चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए एक भू-राजनीतिक अवसर भी हो सकती है। क्योंकि जब बड़ी ताकतें अपनी प्राथमिकताएं बदलती हैं, तो मध्यम शक्तियों के लिए नई जगहें भी बनती हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया पहले से ही अमेरिकी नेतृत्व पर अपनी निर्भरता घटाते हुए स्वतंत्र सुरक्षा-व्यवस्थाएं बना रहे हैं।

भारत के पास भी अपनी शर्तों और अपनी भौगोलिक शक्ति के आधार पर काफी अवसर मौजूद हैं। जिसमें अंडमान निकोबार की त्रि-कमांड का विस्तार और आसियान देशों के साथ गहरे रक्षा और व्यापार संबंध स्थापित करना प्रमुख रूप से शामिल है।

अंत में हमें यह समझना जरूरी है कि भूगोल बदलता नहीं, लेकिन उसका उपयोग करने की इच्छाशक्ति बदलती है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में है, यह उसकी भौगोलिक नियति भी है और उसकी भू-राजनीतिक ताकत भी है। जब नक्शे पर से 'इंडो' शब्द को हटाया जाए, तो इसका जवाब शिकायत से ज्यादा यह होगा कि अपनी जमीन पर भारत इतनी मजबूती से खड़ा हो, अपने समुद्र में इतनी गहराई से जड़ें जमाएं, और अपने पड़ोस में इतने विश्वसनीय बने कि कोई भी वैश्विक शक्ति आपको नजरअंदाज करने की स्थिति में न रहे। यही भारत की असली रणनीतिक स्वायत्तता होगी जो किसी एक महाशक्ति की मेहरबानी पर नहीं, बल्कि अपनी भौगोलिक, आर्थिक और कूटनीतिक ताकत पर टिकी होगी।



भू-राजनीतिक एवं भू-आर्थिक चुनौतियों के दौर में बढ़ गई सागरीय सक्रियता की महत्ता फाइल

## आर्कटिक और दुनिया का बदलता व्यापारिक नक्शा



रवि दास बिश्नोई
वरिष्ठ अध्येता, इंडो पैसिफिक डोमेन

आर्कटिक क्षेत्र वैश्विक औसत से चार गुना अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। यह परिवर्तन उस बदलाव की भूमिका लिख रहा है जो आने वाले दशकों में दुनिया के व्यापारिक नक्शे को पूरी तरह बदल कर रख देगा। जब ध्रुवों की बर्फ पिघलती है, तो सिर्फ समुद्र का जलस्तर ही नहीं बढ़ता है। इससे वे रास्ते भी खुलते हैं जो सदियों से बंद थे, और उन रास्तों के खुलने से शक्ति, व्यापार और भू-राजनीति का समीकरण बदल जाता है। सितंबर 2024 में आर्कटिक समुद्री बर्फ का क्षेत्रफल घटकर मात्र 39 लाख वर्ग किमी रह गया था जो 1979 में उपग्रह से माप शुरू होने के बाद का सबसे न्यून स्तर है।

इस परिवर्तन को समझने के लिए हमें भूगोल की बुनियाद पर लौटना होगा। आज दुनिया का अधिकांश समुद्री व्यापार दो प्रमुख मार्गों यानी स्वेज नहर और पनामा नहर से होता है। स्वेज नहर के जरिये एशिया से यूरोप की यात्रा में लगभग 22 दिन लगते हैं, और यह मार्ग लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर से गुजरता है। लेकिन यही मार्ग कई संरचनात्मक कमजोरियों से युक्त भी है, जैसे 2021 में एवर गिवेन जहाज के फंसने से वैश्विक व्यापार थम गया था, और हाल के वर्षों में लाल सागर में हाउती विद्रोहियों के हमलों ने इस रास्ते को और भी असुरक्षित बना दिया है। ऐसे में आर्कटिक के रास्ते एक ऐतिहासिक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। वस्तुतः योकोहामा से राटर्डम तक स्वेज नहर के रास्ते दूरी लगभग 20 हजार किमी है, जबकि उत्तरी समुद्री मार्ग से यही दूरी घटकर मात्र नौ हजार किमी रह जाती है। इसका सीधा अर्थ ईंधन, समय, लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी से है। लेकिन इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभार्थी कौन होगा, यही असल प्रश्न है। उत्तरी समुद्री मार्ग रूस के आर्कटिक तट के साथ-साथ चलता है, और रूस इस पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। क्योंकि मास्को ने 50 से अधिक सोवियत युग के ठिकानों का पुनर्निर्माण किया है और इस मार्ग को अपने नियंत्रण में रखने की नीति पर चल रहा है। वहीं अमेरिका और यूरोपीय देश इसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग मानते हैं।

अब सवाल यह है कि इस पूरे बदलाव में भारत कहां खड़ा है? भारत 2013 से आर्कटिक परिषद का पर्यवेक्षक सदस्य है। रूस ने हाल ही में भारत को उत्तरी समुद्री मार्ग तक पहुंच प्रदान की है। यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है, क्योंकि भारत के कुल आयात का 30 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल है, और आर्कटिक मार्ग से ऊर्जा आयात अधिक किफायती हो सकता है। लेकिन यहां एक विरोधाभास भी है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आर्कटिक समुद्री मार्ग के बढ़ते उपयोग से आने वाली सदी में वैश्विक शिपिंग उत्सर्जन में भी वृद्धि होगी। यानी जो रास्ता जलवायु परिवर्तन की देन है, वही रास्ता जलवायु परिवर्तन को और तेज करेगा। यह एक ऐसा चक्र है जिसमें बर्फ पिघलती है, रास्ते खुलते हैं, जहाज चलते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है, और ज्यादा बर्फ पिघलती है। अनुमान है कि 2035 तक आर्कटिक की गर्मियां बर्फ-रहित हो सकती हैं। जब ऐसा होगा तो दुनिया का व्यापारिक नक्शा बदल जाएगा। इसमें स्वेज नहर की केंद्रीयता घटेगी और हिंद महासागर के कुछ पारंपरिक मार्गों का महत्व भी बदलेगा। भारत के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वह यह तय करे कि वह इस बदलाव का दर्शक बनेगा या भागीदार बनेगा। आर्कटिक परिषद में पर्यवेक्षक से आगे बढ़कर सक्रिय भूमिका, आर्कटिक-उपयुक्त जहाजों का निर्माण और उत्तरी देशों के साथ नई साझेदारियां, ये कुछ ऐसे कदम हैं जो भारत को इस नए भू-राजनीतिक युग में और अधिक प्रासंगिक बनाए रखेंगे।

खरी-खरी

## सीसीटीवी की निगरानी

सुदर्शन कुमार सोनी

समाज में बढ़ती चोरी, बेईमानी और धोखाधड़ी से उपजी असुरक्षा की भावना के फलस्वरूप सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, ताकि कुत्सित इरादे वाले लोगों पर नजर रखी जा सके। कुछ समय तक लगा कि अब भगवान के बाद कैमरा ही सर्वज्ञ है। मंदिरों, बैंकों और दफ्तरों के बाहर बड़े गर्व से लिखा जाने लगा- "आप सीसीटीवी की निगरानी में हैं।" लेकिन चोर भी आखिर हमारे ही समाज के नवाचार विशेषज्ञ हैं। उन्होंने जल्दी समझ लिया कि चोरी से पहले कैमरे की आंख बंद कर दो, फिर बेझिझक कुत्सित कार्यों को अंजाम दो। राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान कैमरा ढक दिए जाने की खबर ने बता दिया कि अब चोरी नहीं होती, चढ़ावे का "आध्यात्मिक पुनर्वितरण" होता है।

अब नया बोर्ड होना चाहिए- "आप और यह सीसीटीवी दोनों निगरानी में हैं।" क्योंकि अब कैमरे की निगरानी के लिए भी अलग कैमरा चाहिए। और यदि वह भी निष्प्रभावी हो जाए तो तीसरी सुरक्षा परत।

हमने मान लिया था कि कैमरा लगते ही ईमानदारी डाउनलोड हो जाएगी, लेकिन तकनीक का सबसे कमजोर हिस्सा उसका लेंस नहीं, उसके आसपास खड़ा इंसान निकला। जिस देश में इंसान की आंखों पर पट्टी बांधना पुरानी परंपरा हो, वहां कैमरे की आंख ढकना तकनीकी विकास ही कहलाएगा। अब सुरक्षा व्यवस्था प्याज जैसी हो गई है- हर परत के नीचे एक और परत, लेकिन अंत में आंखों में आंसू ही आते हैं। जल्द ही शायद "राष्ट्रीय सीसीटीवी सुरक्षा मिशन" भी बनाना पड़े, जिसमें कैमरों के लिए सुरक्षा गार्ड, बीमा और चरित्र रक्षक नियुक्त किए जाएं।

जांच एजेंसियों के सवाल भी बदल जाएंगे। पहले पूछा जाता था- "चोरी किसने की?" अब पहला सवाल होगा- "कैमरा किसने ढका?" क्योंकि हमारे यहां अपराध से बड़ा अपराध उसका वीडियो बन जाना माना जाता है। इसलिए अब हर परिसर के बाहर सच्चाई लिख दीजिए- "सावधान! आप ही नहीं, यह सीसीटीवी भी निगरानी में है। यदि यह अचानक अंधा दिखाई दे तो समझ जाइए कि बेईमानी ने फिर तकनीक को मात दे दी है।"

### पोस्ट

अमेरिका उस युद्ध को समाप्त करने में अक्षम दिख रहा है, जो लड़ाई उसने शुरू की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति फिर से ईरान को मिटाने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि वह पहले भी ऐसा कह चुके हैं।
शिव अरूर@ShivAroor

स्थानीय मंदिरों का भी उतना ही महत्व है, लेकिन लोग प्रायः उनकी उपेक्षा ही करते हैं। जबकि दूरदराज के मंदिरों या आजकल बनने वाले नए भव्य मंदिरों को प्राथमिकता देते हैं, जिनमें सामान्य लोगों को कुछ क्षणों के दर्शन के लिए घंटों कतार में जूझना पड़ता है। जबकि अमीरों और ऊंची पहुंच वालों के लिए वहां तुरंत विशेष दर्शन की सुविधा है।
राजेश शुक्ला@astroraj



आपरेशन सिंदूर में बलिदान हुए जवानों के नाम पहले से सार्वजनिक हैं। सभी का सैन्य परंपरा के अनुरूप अंतिम संस्कार भी हुआ था। नया अपडेट यह है कि इन नामों को नेशनल वार मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल आफ आनर' में शामिल किया गया है। जबकि नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की थ्री डी वाल पर 2025 में ही उनके नाम अंकित कर दिए गए थे।
विशाल महेश्वरी@vishalPosts

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता खटाई में पड़ता दिख रहा है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

रोज सवेरे घोषणा होती युद्ध विराम,
और शाम होते पुनः छिड़ जाता संग्राम!
छिड़ जाता संग्राम चल रही अजब लड़ाई,
मीठी-मीठी बात और फिर होय चढ़ाई!!
होर्मूज को ट्रंप खड़े हैं अब भी घेरे,
करते हैं ऐलान नया वह रोज सवेरे।
-ओम प्रकाश तिवारी

उत्तर प्रदेश डायरी

## चुनावी बिसात पर जातीय संतुलन की सियासत



अजय जायसवाल
उप राजनीतिक संपादक, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की जंग केवल विकास, कानून-व्यवस्था या कल्याणकारी योजनाओं-परियोजनाओं पर ही नहीं होने वाली है। इसका बड़ा आधार सामाजिक प्रतिनिधित्व और जातीय समीकरण भी बनेंगे। जातीय गोलबंदी की यह बेचैनी राजनीतिक दलों के संगठनात्मक निर्णयों में भी नजर आ रही है। चुनावी बिसात पर सभी दल सामाजिक संतुलन साधने में जुटे हैं। भाजपा ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित कर इस रण को और भीषण कर दिया है। गहरे सामाजिक और चुनावी संदेश दे दिए हैं। नई टीम में क्षेत्रीय, जातीय और सामाजिक संतुलन साधने का जो प्रयास दिखता है, वह बताता है कि भाजपा अब 2024 के लोकसभा चुनाव के अनुभवों के आधार पर 2027 की बिसात बिछा रही है। उसके निशाने पर सपा की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति है, जिसको पार्टी मुखिया अखिलेश यादव विस्तार देने की कोशिश में जुटे हैं। उनका जोर दलित, पिछड़ों पर तो है ही, इसके साथ अगड़ों, महिलाओं और अब आदिवासियों तक की गोलबंदी की कोशिश हो रही है।

महीनों इंतजार के बाद हाल ही में घोषित भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी में जातीय समीकरणों की गोलबंदी के लिए पिछड़े और अनुसूचित समाज को विशेष वरीयता दी गई है। छह में से चार क्षेत्रीय अध्यक्षों सहित पिछड़ों को सबसे ज्यादा 29 पदों पर भागीदारी दी गई है। इसमें तीन जाट, दो-दो यादव, कुर्मी, पाल, गुर्जर व लोधी चेहरे हैं। एक-एक पद पर कुशवाहा, मौर्य, बिंद, शिवहरे, विश्वकर्मा, निषाद, गिरी, राजभर, सैंथवार, सैनी, चौरसिया, तेली, कलार व लोनिया चौहान को जगह मिली है। अनुसूचित वर्ग में पासी को तीन पद मिले हैं और कोरी, वाल्मीकि, जाटव व एसटी के रूप में गोंड को प्रतिनिधित्व दिया गया है। वहीं 27 सामान्य चेहरों में 12 ब्राह्मण, सात क्षत्रिय, चार भूमिहार, दो वैश्य व एक-एक कायस्थ और त्यागी समाज से हैं।



योगी आदित्यनाथ। फाइल



अखिलेश यादव। फाइल

इस कार्यकारिणी गठन को सीधे तौर पर सपा के पीडीए का जवाब माना जा रहा है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने इसी रणनीति से भाजपा को बड़ा झटका देते हुए पीछे धकेल दिया था। प्रदेश में भाजपा वर्ष 2019 के मुकाबले 62 से घटकर 33 लोकसभा सीटों पर आ गई थी, जबकि कांग्रेस से हाथ मिलाकर सपा 37 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। माना जाता है कि उस चुनाव में गैर यादव पिछड़ों का सपा को बड़ा साथ मिला था और उसने दलित वर्गों में भी पकड़ बनाई थी। भाजपा ने अपनी पकड़ को दोबारा मजबूत करने के लिए ही पहले ओबीसी समाज से पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और अब कार्यकारिणी में भी संतुलन साधा गया। यदि हालिया मंत्रिमंडल विस्तार, संगठनात्मक बदलाव और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अभियानों को जोड़कर देखें तो साफ है कि भाजपा का लक्ष्य उन समुदायों में फिर से विश्वास मजबूत करना है, जो पिछले एक दशक में भाजपा के सामाजिक गठबंधन की रीढ़ बने थे।

हालांकि, भाजपा की राह उतनी भी आसान नहीं, सपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की सफलता को 2027 के विधानसभा में दोहराने के लिए पीडीए रणनीति का लगातार विस्तार कर रही है। संगठन में प्रतिनिधित्व, मुद्दों, बयानों और चुनावी वादों के सहारे छोटे जाति समूहों से लेकर बड़े वर्गों तक को जोड़ने की कोशिश हो रही है।

बसपा भी इस दौड़ से बाहर नहीं है। पिछले कई चुनावों से कमजोर प्रदर्शन कर रही बसपा दलितों के साथ ब्राह्मण, मुस्लिम और पिछड़ों की गोलबंदी की अपनी पुरानी सोशल इंजीनियरिंग को फिर से सक्रिय करने की कोशिश में है। मायावती लगातार संदेश दे रही हैं कि बसपा ही वास्तविक बहुजन राजनीति का केंद्र है। इसके लिए बूथ स्तर पर कैडर कैंप, सेक्टर बैठकें और संगठनात्मक पुनर्गठन तेज किया है।

इस बीच सपा के साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने भी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण चेहरे अविनाश पांडेय को हटाकर दलित चेहरे के रूप में राजेंद्र पाल गौतम प्रदेश प्रभारी बनाकर बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है। संगठनात्मक रूप से भले कांग्रेस अभी कमजोर दिखती हो, लेकिन उसका प्रयास दलित और वंचित वर्गों के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का है। यदि 2027 में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन बरकरार रहता है, तो कांग्रेस का सामाजिक आधार भी सीटों के तालमेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भाजपा अपने पिछले 10 वर्षों के सामाजिक विस्तार को बचाने की चुनौती से जूझ रही है। सपा उस विस्तार में सेंध लगाकर, उसे स्थायी राजनीतिक समर्थन में बदलना चाहती है। बसपा को अपना पारंपरिक बहुजन आधार वापस पाना है, जबकि कांग्रेस सामाजिक प्रतिनिधित्व के सहारे अपनी खोई जमीन तलाश रही है। यानी 2027 का विधानसभा चुनाव केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि सामाजिक गठबंधनों के बीच भी होता दिखाई देगा।

स्मरण

## बंगाल की बौद्धिक जागृति के प्रणेता

**आशुतोष मुखर्जी को लोग एक महान शिक्षक के रूप में जानते हैं, परंतु उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने शिक्षा, न्याय, गवर्नेंस और साहित्य व सामाजिक जीवन के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है**



विजेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा

आशुतोष मुखर्जी औपनिवेशिक युग का एक ऐसा सितारा हैं जिनके पास उपलब्धियों का ढेर है। दुनिया उनको एक महान शिक्षक तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में जानती है, पर उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। आशुतोष मुखर्जी का जन्म बंगाली रामायण के रचयिता महाकवि कृत्तिवास ओझा के वंश में डा. गंगाप्रसाद मुखर्जी के यहां 29 जून, 1864 को हुआ था। उन्होंने अनेक क्षेत्रों में जो योगदान दिया, वह इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। परंतु इतिहास के इस बौद्धिक दिग्गज को वर्तमान मानो भूल सा गया है।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनके पुत्र थे। वस्तुतः आशुतोष मुखर्जी बाल्यकाल से ही एक प्रतिभाशाली छात्र थे। प्रेसिडेंसी कालेज में उनके समकालीन विवेकानंद, प्रफुल्लचन्द्र रे और महेन्द्रनाथ राय जैसे दिग्गज छात्रों से उनका संपर्क था। कानून में एमए और भौतिकी में एमएससी की डिग्री प्राप्त करने वाले वह विश्वविद्यालय के पहले छात्र थे। आशुतोष ने ज्यामिति को लेकर एक पुस्तक लिखी थी। यदि वे पूर्णतः कानून के क्षेत्र में रहते तो विश्वविख्यात कानूनज्ञ बन सकते थे, किंतु उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। वे कानून, इतिहास, भाषा और संस्कृति सभी क्षेत्रों में पारंगत थे। वर्ष 1883 में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश की आलोचना करने वाले लेख के संबंध में न्यायालय की अवमानना के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इससे विरोध प्रदर्शन भड़क उठे और आशुतोष के नेतृत्व में छात्रों के समूह ने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। शायद इस घटना ने कानून के क्षेत्र में करियर बनाने के उनके संकल्प को दृढ़ कर दिया।

वर्ष 1897 तक उन्होंने डा. आफ ला का उपाधि प्राप्त कर ली और कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हो गए। पांच अगस्त, 1899 को कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें बंगाल विधान परिषद में भेजा जहां उन्होंने अगले पांच वर्ष तक सक्रिय भूमिका निभाई। आशुतोष मुखर्जी ने शिक्षकों के वेतनमान में विद्यमान असमानता का विरोध किया। 1902 में उन्हें विश्वविद्यालय आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया। चार जनवरी, 1904 को वह इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य बने। अपने अल्पकालीन कार्यकाल में उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी जो दशकों तक स्मरणीय रही। इस काउंसिल में कर्जन के विश्वविद्यालय बिल का उन्होंने गोखले के साथ कड़ा विरोध किया।

आशुतोष मुखर्जी का सबसे बड़ा योगदान कलकत्ता विश्वविद्यालय के विकास में है। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय को राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। भारतीय भाषाओं के विभाग की स्थापना उनके जीवन की चरम उपलब्धि थी जिससे मातृभाषा में उच्चतम उपाधि प्राप्त करना संभव हुआ। उन्होंने शोध को बढ़ावा दिया। उन्होंने यह दिखाया कि भारतीय विश्वविद्यालय विशेष सहायता के बिना भी शोध और उच्च शिक्षा दे सकते हैं। उन्होंने तकनीकी शिक्षा, उद्योग और शिक्षा के सामंजस्य पर जोर दिया। उनके कुलपति काल में प्राचीन भारतीय इतिहास, भाषाएं, संस्कृति, अर्थशास्त्र और वैज्ञानिक विषयों पर कार्य हुआ।

कुलपति के रूप में, उन पर प्रोफेसर ओटेन पर हमले के लिए सुभाषचंद्र बोस को विश्वविद्यालय से निष्कासित करने का भार था। युवा बोस के करियर की रक्षा के लिए आशुतोष मुखर्जी ने उन्हें दूसरे कालेज में स्थानांतरित करवा दिया। चूंकि औपनिवेशिक सरकार विश्वविद्यालय को राजद्रोह का गढ़ मानती थी और कुलपति के कामकाज पर शर्तें और नियंत्रण लगाना चाहती थी, इसलिए आशुतोष मुखर्जी ने छठे कार्यकाल के लिए इन्कार कर दिया। वायसराय लार्ड कर्जन ने उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी माता अनुमति दें तो वे यह पद स्वीकार कर लेंगे। माता की आज्ञा मिलते ही उन्होंने 1904 में न्यायाधीश का पद ग्रहण किया और 1923 तक इस पद पर बने रहे। इस बीच उन्होंने मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार भी संभाला। न्यायाधीश के रूप में सर आशुतोष ने जो फैसले सुनाए, उनमें से कई आज भी न्यायिक कौशल के उदाहरण के रूप में उद्धृत किए जाते हैं।



आशुतोष मुखर्जी।

आशुतोष मुखर्जी धर्म में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने तत्कालीन कट्टरपंथियों का विरोध सहकर अपनी विधवा पुत्री का पुनर्विवाह करवाया। इस कार्य से उन्हें बहुत कुछ सहना पड़ा, लेकिन वे विचलित नहीं हुए। अन्य धर्मों के प्रति उनके भीतर सम्मान था। बौद्ध मत के प्रति झुकाव के कारण 1911 से 1924 तक भारत की महाबोधि सोसायटी के अध्यक्ष रहे। 25 मई, 1924 को पटना में आशुतोष मुखर्जी का देहांत हो गया, परंतु उनके विचार, उनके द्वारा स्थापित संस्थान और सत्य व न्याय के प्रति उनका समर्पण आज भी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

### एम्बैसी बेंगलुरु में आफिस स्पेस पर 1,500 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली :** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी एम्बैसी डेवलपमेंट्स वाणिज्यिक परिसंपत्तियों से किराया आय बढ़ाने की रणनीति के तहत बेंगलुरु में 30 लाख वर्ग फुट के कार्यालय परिसर के निर्माण पर 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का मुख्य कारोबार आवास क्षेत्र में है और उसकी मौजूदगी बेंगलुरु, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) तथा एनसीआर में है। एम्बैसी डेवलपमेंट्स के प्रबंध निदेशक आदित्य विरवानी ने कहा कि कंपनी की मुख्य प्राथमिकता तेजी से बढ़ रहे आवास कारोबार पर बनी रहेगी। (प्रेट्र)

जो देश मजबूत विकास और ज़्यादा ऊर्जा स्वतंत्रता चाहते हैं, उनके लिए इलेक्ट्रिफिकेशन को तेज करना अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक जरूरत है।

**– सागर अदाणी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड**



जीएसटी के 9 साल

## अब सरकार का ध्यान एआइ आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर



**नई दिल्ली, प्रेट्र:** देश में जीएसटी प्रणाली लागू होने के 9 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है। इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

### पीएम मोदी ने कहा था–गुड एंड सिंपल टैक्स



एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है।

### जीएसटी में 17 प्रकार के कर और 13 प्रकार के उपकर समाहित

जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे। जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला।

### करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.6 करोड़ हुई

जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है।

### 2025 में नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था हुई लागू



शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया। बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया। वहीं केवल लक्जरी और अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की उच्च दर लागू रखी गई। जीएसटी की दरों का निर्धारण जीएसटी परिषद करती है, जिसमें केंद्र और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

### 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत बढ़ा



वर्ष 2017-18 में जीएसटी लागू होने के समय औसत मासिक जीएसटी संग्रह 89,700 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 1.85 लाख करोड़ रुपये प्रति माह पर पहुंच गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में यह 9.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा था।

### पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी दायरे में लाने पर राज्य सहमत नहीं



जीएसटी लागू करते समय केंद्र और राज्यों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि पेट्रोलियम उत्पादों को भी जीएसटी दायरे में लाया जाए। हालांकि, यह फैसला जीएसटी परिषद पर छोड़ दिया गया था। इस संबंध में जीएसटी परिषद में विमान ईंधन (एटीएफ) को जीएसटी के दायरे में लाने पर कुछ चर्चा हुई थी, लेकिन राज्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया।

### कर चोरों की पहचान होगी आसान

सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरों की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके। साथ ही एआइ और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है।

जागरण इन्फो

## व्यापार बोर्ड की बैठक में निर्यात बढ़ाने पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बोर्ड (बीओटी) की बैठक तीन जुलाई को नई दिल्ली में होगी। बैठक में हाल में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का अधिकतम लाभ उठाने, निर्यात को गति देने पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों सहित व्यापार और उद्योग जगत के लोग हिस्सा लेंगे। इसमें निर्यात क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत ने वर्ष 2021 के बाद से मारीशस, आस्ट्रेलिया, यूएई, ओमान तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को लागू किया है। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ हुआ व्यापार समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होने जा रहा है।

### एसईजेड से जुड़े मुद्दों पर हितधारकों संग बैठक कल

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के मकसद से 30 जून को हितधारकों की बैठक बुलाई है। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और एसईजेड सुधारों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

# महंगाई की गर्मी ने एसी बिक्री को किया ठंडा

## महंगे एसी खरीदने के बजाय एयर कूलर और पंखे जैसे सस्ते विकल्पों को तरजीह दे रहे ग्राहक



- रेफ्रिजरेटर की मांग सामान्य और प्रीमियम दोनों वर्गों में मजबूत, वाशिंग मशीन की मांग भी बढ़ रही
- इस दौरान आइसक्रीम, ठंडे पेय, डेरी उत्पाद और अन्य ताजगी देने वाले उत्पादों की मांग मजबूत बनी रही

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की मांग में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। मौसम में आए बदलाव और महंगाई के दबाव के चलते एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री अपेक्षा से कमजोर रही है। वहीं ठंडे पेय, आइसक्रीम, डेरी उत्पाद और अन्य ताजगी देने वाले उत्पादों की मांग मजबूत बनी रही।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि जून में कई हिस्सों में बेमौसम बारिश, आंधी और शाम के समय अपेक्षाकृत कम तापमान रहने से एसी की जरूरत कम महसूस हुई। वहीं बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ता महंगे एसी खरीदने के बजाय एयर कूलर और पंखों जैसे अपेक्षाकृत सस्ते विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के कारोबार प्रमुख और ईवीपी (उपकरण कारोबार) कमल नंदी ने कहा कि ठंडक देने वाले उत्पादों की श्रेणी में मांग का रुख मिला-जुला रहा। रेफ्रिजरेटर की मांग सामान्य और प्रीमियम दोनों वर्गों में मजबूत बनी हुई है, जबकि मानसून के आगमन के साथ वाशिंग मशीन की मांग भी बढ़ रही है। हालांकि, जून में उत्तर भारत में एसी की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उनके अनुसार, उद्योग स्तर पर एसी की बिक्री घटी है। इसकी बड़ी वजह मौसम में बदलाव है। कई क्षेत्रों में आंधी-बारिश और रात में तापमान कम रहने से लोगों को एसी की जरूरत पहले जैसी नहीं रही। इसके अलावा महंगाई के चलते उपभोक्ता गैर-जरूरी खर्च टाल रहे हैं। वहीं एक प्रमुख एसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बार गर्मी का मौसम उद्योग की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, विशेषकर जून का महीना कमजोर रहा। हालांकि, चालू वर्ष में अब तक उद्योग के कारोबार के मूल्य में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी और ऊंची कीमतें हैं।



पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की मूल्य वृद्धि के कारण एसी की कीमतें करीब 18 से 20 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इसी वजह से कई उपभोक्ता एसी की जगह एयर कूलर और पंखों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**–कमल नंदी,** कारोबार प्रमुख, गोदरेज एंटरप्राइजेज

### पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनियों ने दर्ज की अच्छी बिक्री

एसी की बिक्री जहां ठंडी रही वहीं पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनियों ने गर्मियों के दौरान मजबूत मांग दर्ज की। कोका-कोला भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया के उपाध्यक्ष (ग्राहक विकास) अभिषेक गुप्ता ने कहा कि कंपनी को पूरे गर्मी के मौसम में अच्छी मांग मिल रही है। छोटे पैक, क्विक कामर्स और चलते-फिरते उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति से बिक्री को मजबूती मिली है। डेरी क्षेत्र में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिला। हैवमोर आइसक्रीम के प्रबंध निदेशक देबब्रत मुखर्जी ने कहा कि कोन, स्टिक और सिंगल-सर्व कप जैसे त्वरित उपभोग वाले उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।

### रायता मसाला और छाछ की मांग में उल्लेखनीय तेजी



डीएस ग्रुप के कारोबार प्रमुख (मसाला) संदीप घोष ने कहा कि गर्मियों में रायता मसाला, छाछ मसाला, जलजीरा और काला नमक जैसे उत्पादों की मांग में बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि यह रुझान दर्शाता है कि पारंपरिक भारतीय स्वाद और पेय आज भी ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में उपभोक्ताओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 297.57 अंक मजबूत हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 42.90 अंक की बढ़त में रहा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आइआइपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआइ (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे।

**विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी रहेगी निवेशकों की नजर**

### शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 88,678 करोड़ रुपये बढ़ा

कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 88,678 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आइसीआइसीआइ बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ।

## टाटा मोटर्स ईवी पर लगाएगी बड़ा दांव

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स बिजलीचालित वाहन खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करने के लिए वित्त वर्ष 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले माडल लाने की तैयारी कर रही है। निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा कि वह अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड में वृद्धि के अगले चरण की तैयारी कर रही है, और 2030-31 तक 30 प्रतिशत से ज्यादा की ईवी पहुंच पर नजर रखे हुए है। कंपनी ने कहा, 'अभी, ईवी पर 'अर्ली मैजोरिटी' विचार कर रही है। हम अर्ली और लेट मैजोरिटी ग्राहकों के बीच ईवी को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्पादों को बेहतर बनाएंगे।' 'अर्ली मैजोरिटी' ग्राहक वे होते हैं जिन्हें खरीदने से पहले सफल 'केस स्टडीज' देखने की जरूरत होती है, जबकि 'लेट मैजोरिटी' वाले ग्राहक आम आदमी के नए विचार या प्रौद्योगिकी को अपनाने के बाद ही उसे स्वीकार करते हैं। कंपनी का कहना है कि भारत का ईवी बाजार अर्ली अडाप्टर्स से अर्ली मैजोरटी की ओर स्थानांतरित हो गया है।

## राष्ट्रीय फलक

## 'साइबर ठगी की जमा राशि के बजाय पूरा बैंक खाता जब्त करना अनुचित'

विधि संवाददाता, जागरण • प्रयागराज

- साइबर क्राइम मेवात के एसपी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश



इलाहाबाद हाई कोर्ट। फाइल

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हरियाणा के मेवात जिले के साइबर क्राइम पुलिस द्वारा एक गृहिणी के बैंक खाते को बिना कारण बताए सीज करने पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा, पुलिस पूरे खाते को एकमुश्त सीज नहीं कर सकती। सिर्फ उतनी ही राशि रोकी जा सकती है, जिस पर अपराध की आय होने का संदेह हो। इस मामले में एक हजार रुपये की संदिग्ध राशि के लिए पूरे खाते को सीज करना अनुचित है।

प्रयागराज की निवासी गृहिणी अनुश्री श्रीवास्तव का भारतीय स्टेट बैंक की एमएनएनआइटी शाखा तेलियरगंज में खाता है। 22 मार्च, 2026 को हरियाणा के एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते में एक हजार रुपये जमा किया। इसके बाद 30 मार्च को उनका आनलाइन लेनदेन बंद हो गया। उन्होंने 10 अप्रैल को बैंक शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह कई बार बैंक गईं तो पता चला कि हरियाणा के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, मेवात के नौ अप्रैल के आदेश के तहत उनका पूरा बैंक खाता सीज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार की खंडपीठ ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि बीएनएसएस की धारा 106 (3) के तहत पुलिस को सीज की गई संपत्ति की सूचना तुरंत संबंधित मजिस्ट्रेट को देना अनिवार्य था, जो इस मामले में नहीं किया गया। कोर्ट ने पुलिस से जवाब मांगा है। उक्त मामले में अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

## गूगल ने अपने वालेट में नया पैकेज ट्रैकिंग फीचर पेश किया

**वाशिंगटन, एएनआइ :** गूगल ने अपने वालेट एप में नया पैकेज ट्रैकिंग फीचर पेश किया है, जो जीमेल पर प्राप्त डिजिटल रसीद और ट्रैकिंग नंबर की मदद से आपके पार्सल का लाइव स्टेटस सीधा एप के होम स्क्रीन पर दिखाता है। जीएसएम एरीना के अनुसार, यह सुविधा वर्तमान में केवल अमेरिका में ही उपलब्ध है। यह फीचर जीमेल में डिजिटल रिसीप्ट और ट्रैकिंग नंबर स्कैन करके काम करता है, और फिर उस जानकारी का इस्तेमाल करके गूगल वालेट इंटरफेस के अंदर पैकेज ट्रैकिंग की सुविधा देता है। जो पैकेज जल्द ही आने वाले होते हैं, वे वालेट की होम स्क्रीन पर यूजर्स के पेमेंट के तरीकों के साथ दिखाई देते हैं, जिससे डिलीवरी अपडेट तक जल्दी पहुंचा जा सकता है। यूजर्स पैकेज की एंट्री खोलकर विस्तृत ट्रैकिंग जानकारी भी देख सकते हैं। एक बार पैकेज डिलीवर हो जाने पर उसे मैन्युअली हटाया जा सकता है, जबकि सिस्टम भी समय के साथ डिलीवर हो चुके पैकेजों को अपने-आप हटा देगा।

## पहले मंजिल की तलाश, फिर जीवनसाथी का साथ

अश्वनी त्रिपाठी • जागरण

- उत्तराखंड में 54 प्रतिशत लोग अविवाहित, सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की रिपोर्ट में सामने आई तस्वीर

**21 वर्ष या अधिक आयु में विवाह करने वाली महिलाओं का प्रतिशत**

| राज्य-प्रतिशत | विवाह की | औसत आयु |
|---|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 90.3 | 6.7 |
| हिमाचल प्रदेश | 85.9 | 24.7 |
| उत्तराखंड | 84.2 | 23.8 |
| तेलंगाना | 83.3 | 23.1 |
| पंजाब | 83.2 | 25.0 |



सांकेतिक फोटो इंटरनेट

**देहरादून :** पहाड़ की सामाजिक संरचना अब धीरे-धीरे नए रंगों में ढलती दिखाई दे रही है। जिन पहाड़ियों में कभी कम उम्र में विवाह की परंपरा थी, वहीं नई पीढ़ी अपने सपनों, करियर व आर्थिक आत्मनिर्भरता को पहली प्राथमिकता दे रही है। युवाओं के लिए विवाह अब सामाजिक व्यवस्था के बजाय भविष्य की तैयारी से जुड़ा हुआ निर्णय बनता जा रहा है। ताजा सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की रिपोर्ट उत्तराखंड के बदलते सामाजिक और वैवाहिक ढांचे की नई तस्वीर सामने रखती है।

आंकड़े बताते हैं कि युवा पहले शिक्षा, रोजगार और आर्थिक मजबूती हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं, उसके बाद ही जीवनसाथी चुनने का निर्णय ले रहे हैं। इस सोच का असर राज्य के विवाह पैटर्न में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। मनोवैज्ञानिक डा. सोना कौशल गुप्ता का कहना है कि विवाह को लेकर युवाओं की सोच में स्पष्ट बदलाव दिखाई दे रहा है। पहले विवाह को जीवन की अनिवार्य और शुरुआती सामाजिक जिम्मेदारी माना जाता था, लेकिन अब युवा इसे जीवन के एक महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में देख रहे हैं।

राज्य में कुल 54 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक विवाह नहीं किया है। राज्य में 59 प्रतिशत पुरुष अभी अविवाहित हैं, जबकि महिलाओं में यह आंकड़ा 48.6 प्रतिशत है। महिलाओं के विवाह का प्रतिशत पुरुषों से अधिक दिखाई देता है। राज्य में 45.8 प्रतिशत महिलाएं विवाहित हैं, पुरुषों में यह आंकड़ा 39.4 प्रतिशत है। शहरों में अविवाहित महिलाओं का प्रतिशत गांवों की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है, जो शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की सोच को दर्शाता है। शहरी क्षेत्रों में 39.1 प्रतिशत महिलाएं अविवाहित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 38 प्रतिशत है। महिलाओं के विवाह पैटर्न में भी बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 84.7 प्रतिशत महिलाओं की शादी 21 वर्ष या उससे अधिक आयु में हो रही है। केवल 13.8 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 से 20 वर्ष की आयु में हो रही है।

## वाट्सएप वेब और डेस्कटाप यूजरों को मैलवेयर के जरिये बनाया जा रहा निशाना

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) ने कहा है कि वाट्सएप वेब और डेस्कटाप यूजरों को बड़े पैमाने पर मैलवेयर के जरिये निशाना बनाया जा रहा है। इससे अपराधियों को यूजरों के उपकरणों तक अनधिकृत पहुंच मिल सकती है और उनके डिवाइस को नुकसान पहुंच सकता है। सर्ट-इन ने वाट्सएप वेब और डेस्कटाप उपयोगकर्ताओं को किसी भी फाइल को लेकर सावधान रहने की चेतावनी दी है, भले ही वह किसी दोस्त, सहकर्मी या परिवार के सदस्य की तरफ से ही क्यों न प्राप्त हुई हो। साइबर सुरक्षा एजेंसी ने कहा-हमलावर हैक किए गए वाट्सएप अकाउंट का इस्तेमाल करके यूजर के परिचित लोगों को खतरनाक विजुअल बेसिक स्क्रिप्ट फाइलें भेजते हैं। जान-पहचान वाले व्यक्ति के नंबर से मैसेज आने की वजह से इन्हें प्राप्त करने वाला व्यक्ति फाइल जल्दी खोल सकता है। मैलवेयर हमले में सफलता मिलते ही साइबर अपराधी उपकरण का रिमोट एक्सेस हासिल कर सकते हैं।

## वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे का एक्स अकाउंट हैक

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** साइबर अपराधियों ने लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का आधिकारिक एक्स अकाउंट हैक कर लिया। इसकी जानकारी होते ही हवाई अड्डा प्रशासन ने अकाउंट सस्पेंड कर दिया। इस मामले की शिकायत साइबर थाने में की गई है। एक्स की तकनीकी टीम को सूचना देकर अकाउंट बहाल कराने और पूरे प्रकरण की जांच कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एक्स अकाउंट के माध्यम से हवाई अड्डे की गतिविधियों की जानकारी दी जाती है। इसका लाभ विमान यात्रियों को भी मिलता है। इसका आधिकारिक अकाउंट हैक करने वाले नौकरी आदि की सूचना प्रसारित कर लोगों के साथ ठगी भी कर सकते हैं। भ्रामक सूचना देकर विमान यात्रियों को परेशानी में डाल सकते हैं। कर्मचारियों को इसकी जानकारी तब हुई जब वे उसे अपडेट करने का प्रयास कर रहे थे।

## आरोपित ने बुआ के घर रखा था पहाड़ी माता मंदिर से चोरी हुआ आभूषण, जांच जारी

जागरण संवाददाता, भिवानी

- आरोपित के बुआ के घर से 13 तोला सोना और डेढ़ किलो चांदी हुआ था बरामद
- मंदिर के पूर्व कर्मचारी आशीष से पूछताछ जारी, माना जा रहा चोरी का मास्टरमाइंड

हरियाणा के भिवानी जिले में स्थित पहाड़ी माता मंदिर में हुए आभूषण चोरी कांड में पुलिस ने शिकंजा पूरी तरह कस दिया है। गिरफ्तार किए गए मंदिर के पूर्व कर्मचारी आशीष से पूछताछ जारी है। इसी बीच रविवार को पुलिस ने आरोपित की बुआ के घर पर दबिश दी और आभूषणों की रिकवरी के लिए पूरे घर को खंगाला। इस दौरान आरोपित के स्वजन से भी सवाल-जवाब किए गए। बता दें कि शनिवार को आरोपित की बुआ के घर से 13 तोला सोना और डेढ़ किलो चांदी बरामद हुआ था।

बता दें कि पहाड़ी गांव के ऐतिहासिक माता मंदिर से करोड़ों के आभूषण गायब होने का यह मामला बेहद संवेदनशील है, जिसकी जांच सीधे तौर पर एडीसी दीपक बाबूलाल कर रहे हैं। आरोपित आशीष को इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। पुलिस यह सच उगलवाने में जुटी है कि आखिर मंदिर के आभूषणों से भरा बैग कैसे आरोपित की बुआ के घर पहुंचा।

**ऐसे हुआ चोरी का राजफाश:** सूत्रों के मुताबिक, आरोपित आशीष ने बड़ी चालाकी से चोरी किए गए आभूषणों से भरा बैग अपनी बुआ के घर छिपा दिया था। बाद में इस बैग को लेकर उनके बीच आपसी विवाद हो गया और मामला थाने तक भी पहुंचा। लेकिन शातिराना अंदाज में 'बैग घर में ही मिलने' की बात कहकर दोनों पक्षों ने कागजों पर राजीनामा कर मामला रफा-दफा कर दिया। इसी बीच, घर में खुले बैग का किसी ने वीडियो बना लिया था, जो बाद में इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो गया। जैसे ही वीडियो सामने आया, समाजसेवी नरेश पहाड़ी ने की आधिकारिक शिकायत दी।

**साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने वाले भी जाएंगे जेल :** इस महाचोरी के पीछे सिर्फ एक कर्मचारी है या पूरा गैंग, इसकी जांच के लिए कई एजेंसियां एक्टिव हो चुकी हैं। आभूषणों से जुड़े दस्तावेज, खरीद रिकार्ड और पिछले कई सालों के स्टाक रजिस्टर को बारीकी से री-वेरिफाई किया जा रहा है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर रिकार्ड में हेराफेरी, फर्जी रसीदें या साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश पाई गई, तो इस खेल में शामिल सफेदपोशों और मददगारों को भी सह-आरोपी बनाकर जेल भेजा जाएगा।

## किशोरी को अगवा कर मतांतरण का प्रयास, गर्म चिमटे से जलाया

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** घुमाने का झांसा देकर 17 वर्षीय किशोरी को अगवा किया। उसे बंधक बनाकर मतांतरण का दबाव डाला गया। विरोध पर गर्म चिमटे से जलाया व शारीरिक यातनाएं दी गईं। किसी तरह से एक सप्ताह बाद वह आरोपितों के चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची। आरोपित उसे सऊदी अरब ले जाकर बेचने की भी बात कह रहे थे।

पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि 21 जून को घूमने के लिए घर से निकली बेटी लापता हो गई और 27 जून को घर लौटी। बेटी ने रोते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात शहर के ही मुस्लिम युवक अरमान से हुई थी। अरमान ने 21 जून को उसको नमक फैक्ट्री चौराहे पर बुलाया। वहां पहुंची तो उसके साथ कार में दो अन्य युवक भी थे। अरमान उसे घुमाने का झांसा देकर ले गया और माता-पिता के साथ मिलकर बंधक बना लिया।

## लंदन में तेलंगाना के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- शव भारत लाने के लिए पीड़ित परिवार ने लगाई केंद्र व राज्य सरकार से गुहार
- श्रीनाथ रेड्डी लीसेस्टर यूनिवर्सिटी से एमएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था

**कामारेड्डी (तेलंगाना), एएनआइ :** तेलंगाना के कामारेड्डी जिलान्तर्गत राजमपेट मंडल के तालमदला गांव के रहने वाले 25 वर्षीय छात्र श्रीनाथ रेड्डी की लंदन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इस घटना से दुखी परिवार ने भारत सरकार और तेलंगाना राज्य सरकार से न्याय की अपील की है।

मृतक के पिता मधुसूदन रेड्डी ने बताया कि श्रीनाथ 14 महीने पहले उच्च शिक्षा के लिए लंदन गया था। वह लीसेस्टर यूनिवर्सिटी से एमएस (द्वितीय वर्ष) की पढ़ाई कर रहा था। बीती 22 जून की रात वह अपने एक दोस्त के जन्मदिन के जश्न में शामिल होने गया था। वहां से लौटने के बाद वह अपने कमरे में सो गया। अगली सुबह जब उसका रूममेट वापस आया, तो उसने श्रीनाथ को मृत पाया। बुधवार को लंदन में रह रहे रिश्तेदारों के जरिये परिवार को इस दुखद घटना की जानकारी मिली।

पीड़ित परिवार बेहद गरीब है और उन्होंने बेटे की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच की मांग की है। पिता ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी पर सीधा संदेह नहीं है, लेकिन वे यह जानना चाहते हैं कि यह हत्या है या आत्महत्या। रिश्तेदारों ने लंदन के अस्पताल जाकर जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन वहां की पुलिस ने उन्हें रोक दिया। रेड्डी ने कहा, मेरा बेटा रोज हमसे फोन पर बात करता था। मौत वाली रात भी नौ बजे उसने बात की थी। हम केंद्र और राज्य सरकार से प्रार्थना करते हैं कि हमारे बेटे का शव भारत वापस लाने में हमारी मदद की जाए।

कल्पमेधा

*किसी भी जगह हो रहा अन्याय, हर जगह के न्याय के लिए गंभीर खतरा होता है।*

*- मार्टिन लूथर किंग*

## पुनरीक्षण पर सवाल

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की कवायद को शुरू हुए एक साल पूरा हो गया है। वर्तमान में उन्नीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया जारी है। खबरों के मुताबिक, इसके जरिए अब तक करीब छह करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं। ऐसे में यह सवाल अहम है कि क्या वास्तव में इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के पात्र नहीं है? या फिर बहुत से लोग आधिकारिक दस्तावेज नहीं जुटा पाने की वजह से अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाए? सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जिन लोगों के नाम सूची से बाहर किए गए हैं, उनका भविष्य क्या होगा। अगर वे मतदान के हकदार नहीं है, तो उनके दूसरे अधिकारों पर इसका क्या असर पड़ेगा? यह सवाल इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल और बिहार में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों के बाद ऐसी खबरें आई हैं कि दोनों राज्यों में संशोधित मतदाता सूची के आंकड़ों को अब सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाएगा। इससे यह आशंका भी गहरा रही है कि मतदाता सूची से हटाए गए लोगों को अब सरकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से भी बाहर किया जा सकता है।

सबसे पहले बिहार में पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों से पूर्व एसआइआर की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब विपक्षी दलों ने इसके समय को लेकर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि मतदाता सूची में संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग के पास पहले पर्याप्त समय था, इसके बावजूद चुनावों से ठीक पहले इस प्रक्रिया को शुरू करना उचित नहीं है। इसके बाद नागरिकता के प्रमाण को लेकर भी यह प्रक्रिया विवादों में रही। विवाद का यह सिलसिला केवल बिहार तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश होते हुए यह पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया। बिहार में इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लगभग पैंसठ लाख नाम हटाए गए। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा में करीब 10.2 फीसद मतदाताओं को सूची से बाहर किया गया। सवाल यह भी है कि क्या इन लोगों को अपनी पात्रता साबित करने के लिए आगे कोई मौका दिया जाएगा, या फिर वे हमेशा के लिए मताधिकार से वंचित हो गए हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मतदाता सूची का समय-समय पर संशोधन जरूरी है, ताकि जिनकी मृत्यु हो गई है या जिन्होंने फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपना पंजीकरण कराया है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। मगर यह चिंताजनक है कि अभी कुछ राज्यों में ही एसआइआर की प्रक्रिया पूरी हुई है और करीब छह करोड़ लोग मताधिकार से वंचित हो गए हैं, तो देश भर में ऐसे लोगों की संख्या कितनी हो जाएगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सूची से बाहर किए गए लोगों को अब अपनी नागरिकता की चिंता भी सताने लगी है, क्योंकि उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से भी बाहर होने का खतरा है। ऐसे में उनका भविष्य संकट में पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई पात्र व्यक्ति किसी तकनीकी कारण या समय पर दस्तावेज न जुटा पाने की वजह से मताधिकार से वंचित न रह जाए। याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र सही मायने में तभी जिंदा रहता है, जब पात्र नागरिकों के मतदान का अधिकार सुरक्षित रहे और चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हों।

## सुरक्षा की अनदेखी

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि वर्तमान समय में जहां छोटे-छोटे कार्य आधुनिक उपकरणों की मदद से किए जा रहे हैं, वहीं जोखिम भरे साफ-सफाई के काम आज भी परंपरागत तरीके से ही हो रहे हैं। नतीजा यह कि सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान जान जाने की घटनाएं आम हो गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में बीते शुक्रवार को एक ऐसी ही घटना सामने आई, जहां एक कारखाने के सेप्टिक टैंक की सफाई करते वक्त जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। इस घटना ने सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी को एक बार फिर उजागर कर दिया है। खबरों के मुताबिक, इन श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपायों के ही सेप्टिक टैंक में उतार दिया गया था, जिससे यह हादसा हुआ। इससे साफ है कि दिल्ली सहित देश भर में न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन नहीं हो रहा है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने विस्तृत आदेश में स्पष्ट कहा था कि सेप्टिक टैंक और सीवर की हाथ से सफाई पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जानी चाहिए।

यह गंभीर चिंता का विषय है कि सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत के बावजूद एहतियाती उपायों के बिना ही श्रमिकों को सीवर और सेप्टिक टैंक में उतार दिया जाता है। उस समय यह जांच करने की भी जरूरत महसूस नहीं की जाती कि वहां आक्सीजन का स्तर क्या है और कहीं जहरीली गैस का प्रभाव ज्यादा तो नहीं है? ज्यादातर मामलों में श्रमिकों को बचाव के लिए सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते। यही वजह है कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आने पर वर्ष 2023 में शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों से पूछा था कि उसके आदेश का पालन क्यों नहीं हो रहा है। ऐसे हादसों में जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों के परिवारों के लिए मुआवजा राशि को लेकर भी कोई स्पष्ट नीति मौजूद नही है। जाहिर है कि कागजों में कोई नियम-कानून बना देने भर से व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाता है, इसके लिए उन्हें धरातल पर कड़ाई से लागू करने की जरूरत होती है।

# रक्षा के मोर्चे पर रणनीतिक तैयारी



**वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक भरोसा कायम है। मगर पड़ोसी देशों से मिल रही चुनौतियों के मद्देनजर रक्षा के मोर्चे पर भी सशक्तीकरण जरूरी है।**

**जयंतीलाल भंडारी**

दुनिया में अस्थिरता के साथ रक्षा संबंधी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इसके मद्देनजर भारत को भी तेज विकास के साथ बहुआयामी स्तर पर रक्षा के मोर्चे मजबूत करने होंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री ने देश में निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि देश में शांति और विकास के लिए सुरक्षा मजबूत करना आवश्यक है। हालांकि, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कुछ पड़ोसी देशों से मिल रही चुनौतियों के बीच दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक भरोसा बढ़ रहा है। यहां विदेशी निवेश बढ़ रहा है और नए व्यापार समझौते आकार ले रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। ऐसे समय में अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास के साथ-साथ आधुनिक रक्षा प्रणाली के मामले में भी खुद को सुदृढ़ करना होगा।

इस परिप्रेक्ष्य में हाल में जारी दो रिपोर्ट उल्लेखनीय हैं। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.6 फीसद होगी और उभरते हुए देशों में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर दुनिया में हथियारों पर नजर रखने वाली ग्लोबल संस्था 'स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) की परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत परमाणु हथियार के मोर्चे पर बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा बजट के मामले में भारत दुनिया में पांचवें क्रम पर है। जनवरी 2026 तक भारत के पास कुल 190 परमाणु हथियार थे। इनमें से बारह परमाणु बमों को मिसाइल, पनडुब्बी और लड़ाकू विमानों के साथ जोड़ दिया गया है। साथ ही उन्हें संचालन अड्डे पर तैनात किया गया है। स्पष्ट है कि परमाणु हथियारों को अलग रखने की भारत की दशकों पुरानी नीति अब बदल गई है।

लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि शांति के समय भारत अपने परमाणु हथियारों को तैनात 'लांचर' से अलग रखता है। हालिया कदमों से संकेत मिलता है कि भारत शांति के समय में भी अपने कुछ हथियारों को 'लांचर' के साथ जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारतीय युद्धपोत, पनडुब्बी और दूसरे हथियारों में परमाणु हथियार हमेशा तैनात रहते हैं। वस्तुतः चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक असाधारण बदलाव है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और रक्षा व्यय से संबंधित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में भारत रणनीतिक रूप से आर्थिक मजबूती के साथ रक्षा व्यय बढ़ाने वाले प्रमुख देश के रूप में उभर रहा है। निश्चित रूप से ऐसे समय में जब देश की सीमाएं भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, बल्कि उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की जरूरत दिखाई दे रही है। स्पष्ट है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान आधुनिक चीनी हथियारों से भारत में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। इन दिनों ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता प्रयासों से उसकी निकटता बढ़ी है। चीन की ओर से भी सीमा पर भारत के संप्रभु इलाकों में चुनौती देने वाली गतिविधियां बढ़ी हैं। यह चिंता की बात है कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी और विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास भी चुनौतियां पैदा कर रहा है। पिछले दिनों उसने शरारत पूर्ण तरीके से अक्साई चीन में नया 'प्रशासनिक क्षेत्र' बनाया है। चीन हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग आफ पर्ल्स' नीति के जरिए भी भारत को चुनौती दे रहा है। पिछले वर्ष पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 'आपरेशन सिंदूर' चलाया गया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। चीन ने पाकिस्तान को उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं उसने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है।



> **निश्चित रूप से ऐसे समय में जब भारत की सीमाएं भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं, तब देश को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, बल्कि उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की जरूरत दिखाई दे रही है। स्पष्ट है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान आधुनिक चीनी हथियारों से भारत में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। इन दिनों ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता के प्रयासों से उसकी दोनों देशों के साथ निकटता बढ़ी है। चीन की ओर से भी सीमा पर भारत के संप्रभु इलाकों में तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियां बढ़ी हैं। यह चिंता की बात है कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा और विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास भी चुनौतियां पैदा कर रहा है।**

पिछले दिनों अमेरिकी खुफिया संस्थान की 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया के लिए बड़ा खतरा बन गया है। मगर आर्थिक और रक्षा विकास की नई रणनीति के तहत भारत आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूती आगे बढ़ रहा है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। पूरी दुनिया ने देखा है कि पिछले वर्ष आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वस्तुतः सैन्य अभियान के तहत भारत ने एआइ के उपयोग से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर मिसाल पेश की है। तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने और मजबूत सैन्य शक्ति बनने के लिए भारत को रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना होगा।

इस समय मजबूत घरेलू बाजार, पूंजीगत व्यय, रेकार्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार देश की शक्ति है। साथ ही ये सभी कारक भारत को बाहरी आर्थिक झटकों से बचा रहे हैं। मगर अभी देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के लिए रफ्तार से बढ़ना होगा। युवाओं को देश की शक्ति बनाना होगा। हमें युद्ध पर आधारित ऐसी मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में भी तैयार होना होगा, जहां जरूरत पड़ने पर तेजी से औद्योगिक और तकनीकी क्षमता का इस्तेमाल करते हुए युद्ध सामग्री का निर्माण हो सके। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से रक्षा इकाइयों को तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़ कर सैन्य साजो-सामान को अत्याधुनिक बनाने में भी तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश में साइबर और सूचना क्षमताओं का विस्तार करना होगा। क्योंकि अब युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये आधुनिक चिप से निर्मित मिसाइलों व उन्नत ड्रोन के इस्तेमाल से हवा, समुद्र तथा अंतरिक्ष में भी लड़े जाते हैं।

भारत को हाइपरसोनिक मिसाइलों के साथ एआइ की नई क्षमताओं के साथ आगे बढ़ना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में भारत की हाल की उपलब्धियां दुनिया भर में रेखांकित की जा रही हैं। इस उपलब्धि के साथ भारत रूस के बाद व्यावसायिक 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' संचालित करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। इससे देश दुनिया की परमाणु महाशक्ति के रूप में उभरेगा। भारत ने पिछले एक दशक में रक्षा उपकरणों के सबसे बड़े आयातक से निर्यातक के रूप में खुद को बदला है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ रुपए का रेकार्ड रक्षा निर्यात किया है। मगर अभी भी रक्षा मजबूती के लिए मीलों चलना बाकी है। 'मेक-इन-इंडिया' के तहत आधुनिक हथियारों का मजबूती से स्वदेशीकरण होगा। भारत को सैन्य साजो-सामान के आधुनिकीकरण के साथ साइबर तकनीक और आधुनिक मिसाइलों से सुसज्जित होना होगा। उम्मीद है देश आर्थिक विकास के साथ परमाणु हथियार मोर्चे पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

# अवसर का समय

**अनंतपद्मनाभन**

हम सब कभी न कभी एक ऐसे मोड़ से गुजरते हैं, जहां बेहतरीन अवसर हमारा दरवाजा खटखटाता है, लेकिन हम उसे खोलने के बजाय हिचकिचाने लगते हैं। हम अपनी क्षमताओं, समय और ऊर्जा को तौलते हैं और यह तय कर लेते हैं कि हमें थोड़ा और समय चाहिए। तभी, वह अवसर आंखों के सामने से ओझल हो जाता है- कोई और उस जगह को भर देता है, या वह रास्ता बंद हो जाता है। बाद में यह मोड़ दिल में एक गहरा पछतावा छोड़ जाता है। हम खुद को ही कसूरवार मानने लगते हैं कि हमारी झिझक ने एक खूबसूरत पल को बर्बाद कर दिया। अगर हम ठहरकर अपनी जीवन-यात्रा के इस ताने-बाने को समझें, तो एक गहरा सच सामने आता है- आप उस मौके से इसलिए नहीं चूके, क्योंकि आप तैयार नहीं थे, बल्कि कुछ चीजें बस आपके हक में लिखी ही नहीं होतीं। जब योजनाएं अधूरी रह जाती हैं, तो खुद को दोष देना मानवीय स्वभाव है।

हम सोचते हैं कि काश हम थोड़े और साहसी, सक्षम या आत्मविश्वासी होते। मगर समय का चक्र दोनों तरफ से चलता है, जिसके लिए हमारी आंतरिक तैयारी और बाहरी परिस्थितियों का तालमेल जरूरी है। जब कोई अवसर हाथ से निकलता है, तो वह हमारी सजा नहीं, बल्कि जीवन का एक सौम्य मार्गदर्शन होता है। जरा सोचिए, आपका उस अवसर से पीछे हटना शायद डर नहीं था, बल्कि आपकी अंतरात्मा का वह इशारा था, जिसने भांप लिया था कि यह रास्ता आपके लिए सही नहीं है। जीवन की यह लय हमें सुकून देती है कि वह दरवाजा इसलिए बंद हुआ, क्योंकि उसके पीछे जो था, वह वास्तव में आपका था ही नहीं। इस सच को समझने के लिए हमें उन महान हस्तियों को देखना चाहिए, जिन्होंने बड़ी विफलताओं का सामना किया, लेकिन अंततः अपना असली मुकाम पाया।

देश के महान व्यंग्य-चित्रकार आरके लक्ष्मण के जीवन से भी प्रेरणा मिलती है। किशोरावस्था में उनका सिर्फ यही सपना था कि वे कला की औपचारिक शिक्षा लें। इसके लिए उन्होंने मुंबई के एक प्रतिष्ठित कला संस्थान में आवेदन किया। मगर वहां से जो जवाब आया, वह बेहद रूखा था। अधिकारी ने लिखा कि लक्ष्मण के चित्रों में वह योग्यता ही नहीं है, जो इस संस्थान में प्रवेश के लिए चाहिए। लक्ष्मण अंदर से टूट गए थे और गहरे असमंजस में थे कि क्या उन्हें कला छोड़ देनी चाहिए। मगर रास्ता बंद होने पर उन्होंने हार मानने के बजाय समाचार पत्रों के लिए स्वतंत्र रूप से रेखाचित्र बनाने शुरू कर दिए। इस मोड़ ने उन्हें एक अनोखी शैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जो किसी भी किताबी नियम की मोहताज नहीं थी। आगे चलकर उन्होंने आम आदमी के उस अमर व्यंग्य-चित्र चरित्र को जन्म दिया, जिसने पचास से अधिक वर्षों तक हर भारतीय के सुख-दुख को बयां किया। अगर उस दिन संस्थान ने उन्हें स्वीकार कर लिया होता, तो वे एक पारंपरिक चित्रकार बनकर रह जाते। मगर हालात ने उनका रास्ता बदला, ताकि उनकी कला करोड़ों लोगों के दिलों की आवाज बन सके।

इस तरह के संघर्षों से प्रेरणा लेकर हम अतीत के पछतावे का बोझ उतार सकते हैं, क्योंकि 'ऐसा होता तो क्या होता' की सोच हमें सिर्फ बीते हुए कल से बांध कर रखती है। यदि आपके दिल में भी किसी छूटे हुए मौके की कसक बची है, तो सबसे पहले खुद को माफ कर दें। यह समझें कि आपका ठहरना केवल इसलिए था, क्योंकि आप अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे और यह आपकी कमजोरी नहीं, आपकी ताकत है। बंद दरवाजों पर भरोसा करने का मतलब यह है कि जो मौका गया, वह एक तरह की सुरक्षा थी, जिसने आपको अनजाने तनावों से बचा लिया। जब सही अवसर सामने आएगा, तो वह आपसे यह मांग नहीं करेगा कि आप पूरी तरह दोषरहित हों। इसके विपरीत, वह आपके जीवन के सांचे में इतनी सहजता से ढल जाएगा कि आपकी तैयारी और आत्मविश्वास खुद-ब-खुद बाहर आ जाएगा।

**दुनिया मेरे आगे**

> **याद रखें, टूटना कभी अंत नहीं होता, बल्कि वह एक नए स्वरूप में खुद को और अधिक मजबूत बनाने की शुरुआत है। तब आप किसी डर की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए आगे बढ़ेंगे, क्योंकि वह रास्ता आपको पूरी तरह अपना लगेगा। हर लहर को पकड़ने के तनाव को मन से निकाल देना चाहिए।**

याद रखें, टूटना कभी अंत नहीं होता, बल्कि वह एक नए स्वरूप में खुद को और अधिक मजबूत बनाने की शुरुआत है। तब आप किसी डर की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए आगे बढ़ेंगे, क्योंकि वह रास्ता आपको पूरी तरह अपना लगेगा। यह दुनिया किसी उल्टी गिनती वाली घड़ी पर नहीं चलती और आपकी खुशियों या आपकी सफलता की कोई अंतिम तारीख तय नहीं है। इसलिए, आने वाले कल की ओर बढ़ते हुए एक गहरी सांस लें। हर लहर को पकड़ने के तनाव को मन से निकाल दें और यह विश्वास रखें कि आप इस समय जीवन के जिस मोड़ पर हैं, बिल्कुल सही जगह पर हैं।

आप आज जो भी सबक सीख रहे हैं- यहां तक कि यह शांत ठहराव भी आपको उस भविष्य के लिए तैयार कर रहा है, जो आपकी क्षमताओं के अनुकूल है। विषम परिस्थितियां ही हमारे भीतर छिपे सोने को कुंदन बनाती हैं और जब तक हम संघर्षों की भट्टी से नहीं तपते, हमारा असली निखार सामने नहीं आता। खुद के प्रति थोड़े नरम रहें, अपनी गति से आगे बढ़ें और अपने दिल के दरवाजे को हमेशा खुला रखें, ताकि आप बिना किसी शिकायत के पहचान सकें सही समय का सौंदर्य। धैर्य, लगन, अटूट विश्वास और निरंतर प्रयास ही मनुष्य की वास्तविक नियति को पूर्ण करते हैं।




### भरोसे का संकट

पुणे की दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। जिस युवक ने अपने उज्ज्वल भविष्य और सुखद वैवाहिक जीवन के सपने संजोए थे, उसने कभी नहीं सोचा होगा कि जिस पर वह सबसे अधिक भरोसा कर रहा है, वही उसके जीवन का अंत करने की साजिश रच रही है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि विश्वास, प्रेम और मानवीय मूल्यों की भी हत्या है। यदि युवती को यह विवाह स्वीकार नहीं था, यदि किसी अन्य व्यक्ति से उसका संबंध था, तो वह स्पष्ट रूप से इनकार कर सकती थी। परिवार से बात कर सकती थी। अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति को है। मगर किसी निर्दोष को मौत के घाट उतार देना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि मानवीय मूल्यों का क्षरण भी है। पुणे की यह घटना किसी एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यह हमें सोचने पर विवश करती है कि कहीं हम आधुनिकता की दौड़ में रिश्तों की गरिमा को तो नहीं खोते जा रहे। किसी भी रिश्ते में असहमति हो सकती है, पर उसका हल संवाद से खोजा जा सकता है।

*- सीपी शर्मा, रानी बाग, दिल्ली*

### विद्यार्थियों की फिक्र

पिछले दिनों नीट की परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर चंद मिनट की देरी होने के कारण विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं करने दिया गया। काफी मिन्नतें करने पर भी उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। नाममात्र की देरी की वजह से कुछ बच्चों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया। हमारे पड़ोसी देश चीन में भी नीट के स्तर की परीक्षा होती है, जो बिना किसी बाधा के संपन्न होती है। बताया जाता है कि परीक्षा के दौरान पूरे चीन की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया जाता है। परीक्षार्थियों को लाने-ले जाने के लिए समुचित साधनों की व्यवस्था की जाती है, ताकि कोई भी बच्चा इस परीक्षा से वंचित न हो। तभी चीन हर एक क्षेत्र में आगे है। वहां प्रतिभाओं की कद्र ही नहीं की जाती, तराशी भी जाती हैं। भारत सरकार को भी विद्यार्थियों का हित सबसे पहले रखना चाहिए। इसलिए नियमों में ढील देकर चंद मिनट देर से आए बच्चों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाना चाहिए।

*- हेमा हरि उपाध्याय,'अक्षत', उज्जैन*

### जवाबदेही की जरूरत

'लापरवाही की आग' (संपादकीय, 23 जून) पढ़ा। लखनऊ में एक अवैध व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग में कई लोगों की मृत्यु केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारी प्रशासनिक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। इमारत में सुरक्षा मानकों और अग्निशमन उपायों को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यह भी सामने आया है कि इस भवन को लेकर पहले से कार्रवाई और नोटिस का सिलसिला चल रहा था। देश में ऐसी घटनाएं अब अपवाद नहीं रह गई हैं। कहीं अस्पतालों में आग लगती है, कहीं कोचिंग संस्थानों में, तो कहीं बाजारों और बहुमंजिला इमारतों में। हर बार जांच समिति बनती है, कुछ अधिकारियों का निलंबन होता है, मुआवजे की घोषणा होती है और फिर सब कुछ धीरे-धीरे भुला दिया जाता है। इस बार भी निलंबन और गिरफ्तारियों की खबरें आई हैं, परंतु बड़ा सवाल यह है कि हादसे की जिम्मेदारी क्यों नहीं तय की जाती।

*- इशरत अली कादरी, भोपाल*

### आलोचना के बजाय

जिंदगी का सफर केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, बल्कि रास्तों में बिखरे अनुभवों, रिश्तों की गर्माहट और संघर्षों की तपिश को समझने का नाम भी है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने जीवन का बहुमूल्य समय अनर्गल बातों, बेवजह की बहसों, दूसरों की कमियां तलाशने और निरर्थक चर्चाओं में व्यतीत कर देते हैं। ऐसे लोग मंजिल से अधिक रास्ते की धूल में उलझ जाते हैं और फिर शिकायत करते हैं कि उन्हें उनका मुकाम नहीं मिला। जो व्यक्ति अपनी ऊर्जा को सार्थक विचारों, सकारात्मक प्रयासों और अपने लक्ष्य की ओर केंद्रित करता है, वही जीवन में आगे बढ़ पाता है। इसके विपरीत जो लोग दूसरों की आलोचना, अफवाहों और निरर्थक विवादों में उलझे रहते हैं, वे स्वयं भी भटक जाते हैं और दूसरों को भी भटकाने का कारण बनते हैं।

*- अशोक, पटना, बिहार*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com




# शेयर बाजार में निवेश शुरू करने वाले करते हैं कई गलतियां

जनसत्ता कारोबाजार

शेयर बाजार में निवेश अब मुश्किल या जटिल काम नहीं है। सबकुछ डिजिटल हो जाने से नए आने वाले आगंतुक निवेशकों के लिए भी शेयर में पैसा लगाना आसान हो गया है। लेकिन शेयर बाजार की तकनीकी बारीकियों को नहीं समझ पाने की वजह से वे कई गलतियां करते हैं। आखिर नए निवेशक किस तरह की गलतियां करते हैं, यदि ये समझ लें तो निवेश में जोखिम कम से कम होगा और कई मौके पर वे मुनाफा भी कमा सकते हैं।

**वित्तीय लक्ष्य तय नहीं करते** : शेयर बाजार में निवेश शुरू करने से पहले वित्तीय लक्ष्य तय करना महत्वपूर्ण है। आय क्या है, खर्च क्या है और कितनी बचत कर सकते हैं? यह देखना जरूरी है। बचत में से कितना सुरक्षित निवेश करना है और कितना शेयर बाजार में, यह तय करना भी आवश्यक है। वित्तीय लक्ष्य आपको यह निर्धारित करने में भी सहायता करते हैं कि आपको कितने समय तक निवेश करना चाहिए और आपको कितना निवेश किस मद में करना चाहिए। यह आपके निवेश के तरीके को भी प्रभावित करता है, जो आपके पैसे को बढ़ाने के लिए अहम है। शेयर में निवेश के लिए कंपनियों और शेयरों का चुनाव वित्तीय लक्ष्यों को निर्धारित करेगा।

**देखादेखी निवेश करना** : कई बार आपको पता लगता है कि अमुक व्यक्ति ने शेयर बाजार में निवेश करके कुछ ही समय में बहुत पैसा कमाया है। यह सच भी हो सकता है। मगर उनके पदचिह्न का पालन करना, आपके लिए भी सही साबित होगा यह जरूरी नहीं है। शेयर बाजार की चाल आर्थिक हालात के आपेक्ष होती है, इसलिए एक ही तरीका काम नहीं करता है। ऐसे में शेयर के बारे में पूरी जानकारी जुटा कर ही निवेश शुरू करें।

**उधार या लोन के पैसों को शेयर में लगाना** : शेयर बाजार में जोखिम है। इसलिए आपको केवल अतिरिक्त राशि का ही निवेश करना चाहिए। उधार या लोन लेकर शेयर बाजार में निवेश नहीं करें। कई अंतर्निहित जोखिमों के कारण, यह एक जोखिमपूर्ण निवेश है। नुकसान हो सकता है। आगंतुक निवेशकों को अपनी बचत में से 3-5 फीसद राशि ही शेयर बाजार में निवेश करना चाहिए।

**जोखिम क्षमता को नहीं पहचानते** : नए निवेशकों को अपनी वित्तीय हालत का आंकलन करना चाहिए। उसके बाद अपनी जोखिम उठाने की क्षमता को पहचानना चाहिए। आप कितनी राशि बनाना चाहते हैं और आप इसे प्राप्त करने के लिए कितना नुकसान सहन कर सकते हैं? इसका विवेचन जरूरी है। जिस शेयर में निवेश कर रहे हैं उस कंपनी के जोखिमों का भी आंकलन करना चाहिए।

**भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रखते** : भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रखने के कारण, निवेशक अक्सर शेयर बाजार में पैसे खो देते हैं। उनके निवेश निर्णय भय और लालच दोनों से प्रभावित होते हैं। अल्पावधि में पैसे कमाने के लिए निवेशकों को लालच द्वारा प्रभावित किया जाता है। लालच में खरीदते हैं और भय में आकार शेयर बेच देते हैं। एक अच्छा निवेश कभी भी मजेदार नहीं होता है, अल्पकालिक मजा ट्रैप हो सकता है। इसलिए बाजार को समझ कर ही निवेश प्रारंभ करें।

**पोर्टफोलियो की निगरानी नहीं करते** : दुनिया में जो कुछ होता है वह हमारे शेयर बाजार पर प्रभाव डालता है। इसलिए अपने पोर्टफोलियो पर बार-बार नजर रखें। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं, तो वित्तीय सलाहकार की मदद लें या म्यूचुअल फंड में निवेश करें। बाजार के ट्रेंड के अनुरूप पोर्टफोलियो पर निगाह रखना जरूरी है।

**निवेशक या ट्रेडर फर्क नहीं कर पाते** : नए निवेशक जब शेयर बाजार में उतरते हैं तो वे ये फर्क नहीं कर पाते हैं कि वे निवेशक हैं या ट्रेडर। निवेशक समय अवधि का पालन करते हैं। ट्रेडर हर पाल मुनाफा काटने में लगे रहते हैं। इस कारण वित्तीय लक्ष्य हासिल नहीं हो पाता है। शेयर बाजार के आगंतुकों को निवेशक के तौर पर निवेश शुरू करना चाहिए। आप समय के साथ अपनी कुशलताओं का विकास कर सकते हैं। शेयर बाजार में निवेश के लिए उचित योजना बनाना आपके पैसे को बढ़ाने का सबसे सुनिश्चित तरीका है। उचित शोध, धैर्य और रणनीति के साथ, निवेश करना चाहिए।

**बुनियादी बातें नहीं समझते** : शेयर क्या है? शेयर बाजार क्या है? यह कैसे काम करता है? आदि चीजों की जानकारी नहीं जुटाते। सेबी, सेंसेक्स व निफ्टी क्या हैं? डीमैट या विमूर्त खाता क्या है, कैसे खुलेगा और यह क्यों जरूरी है? ये भी नहीं जानते। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रतिभूति बाजार का नियामक है जो कंपनियों, निवेशकों, व्यापारियों, दलालों आदि किसी भी पक्ष द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेन और गतिविधियों की निगरानी करता है। ट्रेडिंग शेयरों को खरीदने या बेचने की प्रक्रिया है।

*शेयर* बाजार सूचकांक एक सांख्यिकीय स्रोत है जो वित्तीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव को मापता है। पोर्टफोलियो निवेशकों के स्वामित्व वाली विभिन्न प्रकार की संपत्तियों का संग्रह है। शेयर ब्रोकर एक निवेश सलाहकार होता है जो अपने ग्राहकों की ओर से शेयरों की खरीद और बिक्री जैसे लेनदेन करता है। बोली मूल्य वह उच्चतम कीमत है जो कोई खरीदार किसी भी समय किसी शेयर के निर्दिष्ट संख्या में शेयर खरीदने के लिए भुगतान करेगा।



**शेयर सूत्र**

# सरकारी बांड खरीदना होगा और भी आसान

जनसत्ता कारोबाजार

भारत के खुदरा निवेशकों के लिए सरकारी बांड बाजार में कदम रखना अब बेहद आसान होने जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 'सेकंडरी मार्केट ट्रांजैक्शंस इन गवर्नमेंट सिक्योरिटीज', 2026 पर एक ड्राफ्ट प्रस्ताव जारी किया है। इस नए प्रस्ताव का खास उद्देश्य कई पुराने नियमों को एक साथ जोड़ना और खुदरा निवेशकों के लिए डिजिटल पहुंच को आसान बनाना है। रिजर्व बैंक के इस कदम से अब आम लोग सीधे केंद्रीय बैंक के 'इलेक्ट्रानिक ट्रेडिंग सिस्टम' यानी 'नेगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम-आर्डर मैचिंग' (एनडीएस झओएम) प्लेटफार्म के जरिए सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकेंगे।

रिजर्व बैंक के इस ड्राफ्ट प्रस्ताव के तहत अब आम निवेशक कई आसान चैनलों के जरिए 'सेकंडरी मार्केट' में हिस्सा ले सकते हैं। निवेशक रिजर्व बैंक रिटेल डायरेक्ट स्कीम, बैंकों के डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स डीमैट अकाउंट, या सेबी रजिस्टर्ड डिपाजिटरीज के शेयर ब्रोकर कनेक्ट सुविधा के माध्यम से सीधे ट्रेड कर पाएंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि जिन निवेशकों का डीमैट खाता एनडीएस ओएम के डायरेक्ट मेंबर बैंकों में है, वे बिना किसी बिचौलिए के इस प्लेटफार्म पर सीधे ट्रांजैक्शन कर सकेंगे।

आम जनता की सहूलियत के लिए निवेश की शुरुआत बेहद कम रकम से की जा सकती है। ड्राफ्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में न्यूनतम 10,000 रुपए के फेस वैल्यू से ट्रेडिंग शुरू की जा सकती है, और इसके बाद हर बार 10,000 रुपए की बढ़ोतरी के साथ निवेश किया जा सकता है। इसके अलावा, डायरेक्ट सदस्यों को अपने गिल्ट और डीमैट खाताधारकों को एनडीएस झओएम वेब माड्यूल की सुविधा देनी होगी।

## सौदे की जानकारी पंद्रह मिनट के अंदर

बाजार में पूरी पारदर्शिता रखने के लिए, जो सौदे एनडीएस ओएम प्लेटफार्म से बाहर यानी सीधे (ओटीसी) किए जाएंगे, उनकी जानकारी डील पक्की होने के 15 मिनट के अंदर देनी होगी। वहीं सुरक्षा के मामले में, पैसों और बांड्स का लेन-देन टी 1 बेसिस यानी अगले ही कामकाजी दिन हाथों-हाथ पूरा हो जाएगा। इसका सीधा मतलब है, जैसे ही आपके खाते से पैसे कटेंगे, तुरंत बांड आपके नाम ट्रांसफर हो जाएगा। इससे धोखाधड़ी का खतरा पूरी तरह खत्म हो जाता है। इसके अलावा, इस एक नए नियम के आने से, एडवांस ट्रेडिंग यानी बांड जारी होने से पहले की खरीद-बिक्री और 'शार्ट-सेलिंग' के सारे उलझे हुए सरकारी कायदे-कानून अब पहले से कहीं ज्यादा सीधे और बेहद आसान हो जाएंगे। दरअसल, सरकारी बांड निवेश के लिए सुरक्षित माने जाते हैं। ल्लेकिन अनेक लोग जो सरकारी बांड में निवेश करना चाहते हैं, उन्हें इसके नियम पता नहीं होते हैं। तकनीकी झंझटों के कारण कई बार निवेशक बांड में निवेश नहीं कर पाते हैं।



*भारतीय* रिजर्व बैंक ने 'सेकंडरी मार्केट ट्रांजैक्शंस इन गवर्नमेंट सिक्योरिटीज', 2026 पर एक ड्राफ्ट प्रस्ताव जारी किया है। इस नए प्रस्ताव का खास उद्देश्य कई पुराने नियमों को एक साथ जोड़ना और खुदरा निवेशकों के लिए डिजिटल पहुंच को आसान बनाना है। ड्राफ्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में न्यूनतम 10,000 रुपए के फेस वैल्यू से ट्रेडिंग शुरू की जा सकती है।

**निवेश की बात**

## पशु बाजार



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गैलिफ स्ट्रीट पशु बाजार में पालतू कुत्ते को दुलारती युवती।

# अपने जीवन में आर्थिक आजादी चाहिए तो समझदार निवेशक बनें

जनसत्ता कारोबाजार

वित्तीय सुरक्षा का मतलब निर्धारित नियमित आय या सेवानिवृत्ति जैसी बचत योजना नहीं है, बल्कि ऐसा आय तंत्र बनाने से है जिसमें नियमित आय भी हो और पूंजी बढ़े भी। किसी को भी आर्थिक आजादी चाहिए तो एक आय तंत्र बनाने के लिए निवेशक बनना जरूरी है। कई लोग निवेशक तो बन जाते हैं, खासकर वे लोग जो दीर्घकालिक बचत और सेवानिवृत्ति के लिए धन जमा करने को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन केवल बचत करने को ही निवेश समझ लेते हैं। ऐसा नहीं है, आय तंत्र बनाने के लिए एक कुशल निवेशक बनना चाहिए। इसके लिए निवेश की बुनियादी बातों को सीखें। विभिन्न प्रकार की परिसंपत्तियों (उदाहरण के लिए शेयर, बांड, रियल एस्टेट) आदि को समझें। निवेश की रणनीतियां (उदाहरण के लिए 'वैल्यू इन्वेस्टिंग', 'ग्रोथ इन्वेस्टिंग') बनाएं और जोखिम प्रबंधन सीखें। जितनी जल्दी आप निवेश शुरू करेंगे, आर्थिक आजादी उतनी जल्दी मिलेगी।

निवेशक के कई प्रकार होते हैं। पहला तो आप कोई उद्यम खड़ा करें। यह आय तंत्र आपको आर्थिक आजादी दिलाएगा। इसमें अधिक पूंजी चाहिए और जोखिम लेने की क्षमता होनी चाहिए। दूसरा आप अच्छा कारोबारी (ट्रेडर) बना सकते हैं। इसमें भी पूंजी चाहिए पर जोखिम कम है। तीसरा आप शेयरों, बान्डों, रियल एस्टेट और अन्य प्रतिभूतियों में निवेश कर सकते हैं। जोखिम इसमें भी है लेकिन लाभ भी है। चौथे प्रकार के निवेशक में वो लोग आते हैं जो बचत के रूप में सुरक्षित निवेश करते हैं। इन्हें सबसे कम लाभ मिलता है।

निवेश करना ट्रेडिंग से बहुत अलग है, इसलिए अपने निवेश लक्ष्यों को निर्धारित करना बेहद जरूरी है, जैसे कि आपका लक्षित प्रतिफल और समय सीमा। इससे आपको सही निवेश (जैसे कि टारगेट डेट फंड) चुनने और सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। एक निवेशक के लिए बाजार के रुझानों और उन खबरों से अवगत रहना महत्वपूर्ण है, जो निवेश को प्रभावित कर सकती हैं। इससे सोच-समझकर निर्णय लेने और आवश्यकतानुसार रणनीति में बदलाव करने में मदद मिलेगी। उद्यम और कारोबार के अलावा भी निवेश के कई विकल्प हैं।

**शेयरः** निवेशक सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के शेयर खरीद सकते हैं, जो कंपनी में स्वामित्व का प्रतिनिधित्व करते हैं और इसके मुनाफे में हिस्सेदारी प्रदान करते हैं। कई ब्रोकर अब आंशिक शेयर स्वामित्व की अनुमति देते हैं, इसलिए निवेशकों के लिए कंपनी के पूरे शेयर का मालिक होना अनिवार्य नहीं है।

**बांडः** निवेशक सरकारी बांड या कार्पोरेट बांड जैसी निश्चित आय वाली प्रतिभूतियां खरीद सकते हैं, जिन पर ब्याज मिलता है और परिपक्वता पर मूलधन वापस मिल जाता है। बांड में जोखिम यह है कि निवेश का मूल्य प्रचलित ब्याज दरों के आधार पर घटता-बढ़ता रहता है।

**अचल संपत्तिः** निवेशक सीधे तौर पर या रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ( आरईआइटी ) के माध्यम से संपत्तियां खरीद सकते हैं, जिनसे किराए की आय प्राप्त होती है और समय के साथ उनके मूल्य में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, मकान मालिक किराए पर दी गई संपत्तियों से परिचालन संबंधी नकद आय भी प्राप्त कर सकते हैं।

**म्यूचुअल फंडः** निवेशक शेयरों, बान्डों या अन्य परिसंपत्तियों के पेशेवर रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो में निवेश कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड का उद्देश्य व्यक्तिगत, विशिष्ट परिसंपत्तियों में निवेश की तुलना में कम जोखिम प्रदान करना है।

**एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ)ः** निवेशक म्यूचुअल फंड की तरह ही शेयरों, बांडों या अन्य परिसंपत्तियों के समूह में निवेश कर सकते हैं। हालांकि, ईटीएफ का एक अतिरिक्त लाभ यह भी है कि इनका व्यक्तिगत शेयरों की तरह ही स्टाक एक्सचेंजों पर कारोबार होता है।

**कमोडिटीः** निवेशक सोने, चांदी, तेल या कृषि उत्पादों जैसी भौतिक वस्तुओं में निवेश कर सकते हैं, जो मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक जोखिमों से सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं। इनका लेन-देन भौतिक वस्तुओं या व्युत्पन्न अनुबंधों के रूप में किया जा सकता है। अक्सर, इन परिसंपत्तियों का मूल्य इनके वास्तविक उपयोग के कारण होता है, क्योंकि ये मूर्त वस्तुएं होती हैं। **वैकल्पिक निवेशः** निवेशक प्राइवेट इक्विटी, वेंचर कैपिटल, हेज फंड , क्रिप्टोकरंसी, कला या संग्रहणीय वस्तुओं जैसी वैकल्पिक संपत्तियों में निवेश कर सकते हैं। हालांकि ये निवेश जोखिम भरे हो सकते हैं, लेकिन इनका अंतिम लक्ष्य हमेशा एक ही होता है, ऐसी वस्तु का मालिक बनना जिसका मूल्य समय के साथ बढ़ता जाए।




*निवेश* का मूल सिद्धांत सरल है। एक व्यक्ति किसी संपत्ति में इस उम्मीद के साथ पूंजी निवेश करता है कि जब उसे बेचने या नकदी में बदलने का समय आएगा, तो उस संपत्ति का मूल्य अधिक होगा। इसी कारण, एक निवेशक सचमुच किसी भी ऐसी चीज में निवेश कर सकता है जिसका मूल्य बढ़ सकता है। इसका प्रमाण गत्ते के छोटे-छोटे टुकड़ों की खरीद-बिक्री में मिलने वाले आकर्षक सौदों से मिलता है।

# एक जुलाई से बदल रहे ये नियम

जनसत्ता कारोबाजार

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडरों के नए दाम जारी करती हैं। इनके दाम में बदलाव संभव है। जिन आधार कार्ड धारकों ने अपनी ईमेल आइडी आधार से लिंक नहीं कराई है, वो 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक बिना किसी फीस के इसे अपडेट करा सकते हैं। पहले 75 रुपए का शुल्क लगता था। एक जुलाई से ईपीएफओ का नया प्लेटफार्म ईपीएफओ 3.0 लांच होने जा रहा है। इस नई सुविधा के जरिए उपभोक्ताओं को यूपीआइ से तुरंत पीएफ निकालने की सुविधा मिल सकती है।

जुलाई में सरकारी कर्मचारियों और पेंशन धारकों के लिए डीए यानी महंगाई भत्ते की समीक्षा होती है। इससे लाखों कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बैंक एफडी यानि सावधि जमा की ब्याज दरों में बदलाव कर सकते हैं। भारतीय रेलवे जुलाई से नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने जा रही है। ट्रेनों में बिना टिकट पकड़े जाने पर करने पर न्यूनतम जुर्माना 250 रुपए से बढ़ाकर सीधे 500 रुपए करने का प्रस्ताव है। इसे जुलाई महीने में लागू किया जा सकता है।

एक जुलाई से पासपोर्ट की फीस बढ़ जाएगी। पहले इसके लिए 1,500 रुपए लगते थे, लेकिन अब 2,500 रुपए देने होंगे। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआइ के साथ कई दूसरे बड़े बैंक अपने प्रीमियम क्रेडिट कार्ड्स के रिवार्ड पाइंट के नियम में बदलाव कर सकते हैं। यानी जुलाई महीने में इन पाइंट्स के लिए अधिकतम सीमा निश्चित की जा सकती है।

# क्रिप्टो बाजार में उथल-पुथल से निवेशकों में बेचैनी

दिव्या तंवर

दिग्गज निवेशक जेरेमी ग्रैंथम ने दावा किया है कि बिटकाइन का कोई व्यवहारिक इस्तेमाल नहीं है और यह धीरे-धीरे गायब हो जाएगा। इस दावे को बल मिल रहा है, क्योंकि बिटकाइन की कीमत लगातार गिर रही है। 59 हजार डालर तक फिसलने के बाद क्रिप्टो मार्केट में खौफ का माहौल है। इसका बाजार पूंजीकरण भी 2.75 फीसद कम होकर 1.2 खरब डालर रह गया है। बिटकाइन के साथ-साथ पूरे क्रिप्टो मार्केट का मार्केट कैप भी मई के बाद से अपने सबसे निचले स्तर 2.06 खरब डालर पर पहुंच गया है। दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो, इथेरियम में भी 0.77 फीसद की गिरावट देखी गई है।

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दरों को ऊंचा रखने के संकेत मिलने के बाद सोने चांदी, तांबा से लेकर बिटकाइन की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। क्रिप्टो बाजार में निवेशकों का निकलना बढ़ गया है और कमोडिटी बाजार में निवेशक लगातार मुनाफा वसूली कर रहे हैं। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ भी 8 फीसद तक टूटे हैं। सोना-चांदी, तांबा आदि को सुरक्षित निवेश माना जाता है। जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो निवेशक इन संपत्तियों की तरफ आकर्षित होते हैं। लेकिन आजकल सोने चांदी, तांबे के साथ ही क्रिप्टोकरंसी बाजार में भी गिरावट जारी है। आखिर इस समय निवेशक क्यों घबरा रहे हैं जो न केवल सोने-चांदी से मुनाफा वसूली कर रहे हैं बल्कि बिटकाइन, इथेरियम जैसे क्रिप्टोकरंसी से भी पैसा निकाल रहे हैं।

**क्रिप्टो बाजार में हलचल क्यों** : अमेरिका में महंगाई के बढ़ते आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाए रखने का डर पैदा कर दिया है। निवेशक अब क्रिप्टो से पैसा निकलकर एआइ और टेक शेयर में लगा रहे हैं। बिटकाइन ईटीएफ से लगातार हो जगह निकासी और कम होते निवेश ने बिक्री दबाव को बढ़ा दिया है, जिससे पूरा क्रिप्टो बाजार लाल निशान पर चला गया है। एक महीने में बिटकाइन की कीमत में लगभग 19 फीसद की गिरावट आ चुकी है। एक बिटकाइन की कीमत 25 मई 2026 को 76,700 डालर के आसपास ट्रेड कर रही थी। अक्तूबर 2025 में बिटकाइन की कीमत ने अपना सर्वकालिक उच्चतम का रिकार्ड बनाया था। उस वक्त एक बिटकाइन की कीमत 1,26,000 डालर के पास पहुंच चुकी थी। अब कीमत आधी गिर चुकी है। हालांकि इथेरियम, स्टेलर जैसी क्रिप्टोकरंसियों में मामूली तेजी लौटी है।

**गिरावट के कारण** : होर्मुज खुलने से आर्थिक तनाव कम हुआ है। इसके साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की बैठक के बाद इस बार भले ही ब्याज दरों को स्थिर रखा गया है लेकिन साथ में ही यह संकेत दिए गए हैं कि आने वाले समय में ब्याज दरें ऊंची बनी रह सकती है। ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद, वैश्विक स्तर पर बढ़ती लिक्विडिटी का दबाव और अमेरिकी डालर की मजबूती आदि सोने-चांदी, तांबा और बिटकाइन की कीमतों में एक साथ आई गिरावट के पीछे के कारण हैं। जब डालर की मजबूती बढ़ती है तब सोने चांदी, बिटकाइन की कीमतें गिरती हैं क्योंकि इन्हें खरीदने के लिए ज्यादा डालर खर्च करने पड़ते हैं।

कई बार निवेशक किसी एक बाजार में हुए अपने बड़े घाटे की भरपाई के लिए सुरक्षित संपत्तियों को भी बेच देते हैं। ऊंची ब्याज दरों की संभावनाओं से लेकर अमेरिकी डालर के मजबूत होने, निवेशकों के द्वारा लगातार हो रही मुनाफा वसूली व भारत सरकार के द्वारा आयात शुल्क बढ़ाई जाने के बाद मांग में आई कमी के कारण सोने-चांदी में गिरावट आई है। चीन में निर्माण से जुड़े आंकड़े सामने आने के बाद वैश्विक स्तर पर तांबे की मांग में कमी आई है जिसका असर कीमतों पर देखा जा रहा है। यह जानकर हैरानी होगी कि पिछले एक माह में बिटकाइन से 6 अरब डालर से ज्यादा की निकासी हो चुकी है। अभी बिटकाइन की कीमत 59 हजार डालर के आसपास है।

**क्या करें निवेशक** : निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए। इस समय आप क्रिप्टोकरंसी में पैसा लगाने का विचार भी कर रहे हैं तो सतर्क रहें। अक्सर क्रिप्टो बाजार में गिरावट के दौरान खरीदारी की जाती है तो ऐसे में आप काम राशि के साथ निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। लेकिन बिटकाइन के अलावा दूसरी क्रिप्टोकरंसी पर ध्यान देना चाहिए। डर कर भी बिकवाली नहीं करनी चाहिए।

**क्रिप्टो करामात**



# शांति में खलल

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव का फिर बढ़ना दुखद व शर्मनाक है। ईरान के साथ युद्ध विराम के लिए बनी सहमति पर बढ़-चढ़कर खुशी का इजहार करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ईरान में कई ठिकानों पर हमले हुए हैं। इसका जवाब ईरान ने भी बहरीन और कुवैत में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले के साथ दिया है। युद्ध के फिर भड़कने और युद्ध विराम के खत्म होने की आशंका मंडराने लगी है। हालात के बिगड़ने के लिए दोनों पक्ष एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दरअसल, यह अविश्वास से उपजा संकट है, जिसके समाधान की इच्छा अमेरिका में हाल के वर्षों में तो कभी नहीं दिखी है। अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान में जैसी दृढ़ता होनी चाहिए, उसका नितांत अभाव हो गया है। दरअसल, अमेरिकी प्रशासन ने ही अविश्वास का यह जाल बुना है, जिसमें वह खुद फंसा हुआ है। ट्रंप ने घोर असावधानी में यह ताजा धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने सैन्य बल का प्रयोग किया, तो ईरान का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप के इन चुभते शब्दों से पश्चिम एशिया में अमन-चैन को बल नहीं मिलेगा।

अस्थायी संघर्ष विराम में दरार आ गई है। तनाव बढ़ने के बाद ईरान ने अमेरिका के साथ शांति वार्ता समाप्त करने की धमकी दी है। होर्मुज समुद्री मार्ग के फिर बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। ईरान की नाराजगी से यही लगता है कि तेल संकट में फिर इजाफे के हालात बनेंगे। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद होर्मुज में यातायात शुरू हो गया था। अकेले भारत की ओर 30 से ज्यादा जहाज तेल, गैस, उर्वरक और अन्य सामान लेकर चल पड़े। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई थी, लेकिन अब भाव वापस 70 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने वाले हैं। तेल की गिरती कीमतों से महंगाई की रफ्तार पर भी अंकुश के आसार बन रहे थे, पर अब सुधरते हालात पर सवालिया निशान लग गए हैं। अमेरिका ने ईरानी मिसाइल व ड्रोन भंडारण स्थलों और तटीय रडार ठिकानों पर हमले किए हैं, तो ईरानी नौसेना और एयरोस्पेस बलों ने कुवैत व बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल व ड्रोन से हमला किया है। उधर, इजरायल भी हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले कर रहा है और हिजबुल्लाह भी इजरायल विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। गौर करने की बात है, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम सहमति बनने के बाद इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच भी सहमति बनी थी। यह सोचने का विषय है कि सहमतियां अब टिकती क्यों नहीं हैं?

**यहां संयुक्त राष्ट्र की कमी महसूस हो रही है। कभी इस प्रभावी संस्था में इतना नैतिक बल था कि वह तमाम देशों की अनियंत्रित महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखती थी।**

दुनिया में यही वह मुकाम है, जहां संयुक्त राष्ट्र की कमी महसूस होती है। कभी इस प्रभावी संस्था में इतना नैतिक बल था कि वह तमाम देशों की अनियंत्रित महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखती थी। दुर्भाग्य से यह संस्था अब लगभग सामुदायिक भवन जैसी बन गई है, जहां कभी-कभी लोग जुटते हैं और चर्चा करते हैं। यह विश्व संस्था लाचार है। डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका अपनी आंतरिक राजनीति से बुरी तरह से संचालित हो रहा है। बताया जा रहा है, ताजा सहमति की अमेरिका में भी निंदा हुई है और शायद ट्रंप नए सिरे से सहमति चाहते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने भी इस सहमति को अपनी जीत की तरह प्रचारित कर दिया। फिर वही अविश्वास से जुड़ा संकट है, जिसके समाधान के लिए एक सक्षम, निष्पक्ष, मानवीय और नैतिक रूप से सबल मध्यस्थ संस्था की जरूरत है, इसके बिना दुनिया का काम नहीं चल सकता।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 29 जून, 1951

## संयम की जरूरत

ईरान और ब्रिटेन के बीच अंग्रेजी तेल कंपनी के राष्ट्रीयकरण के सवाल को लेकर तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ईरान में अमरीकी राजदूत श्री हेनरी ग्रेडी ने बीच-बचाव की चेष्टा की थी, किन्तु उसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। अंग्रेजी तेल कंपनी के डायरेक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल समझौते की चर्चा चलाने ईरान गया था, वह निराश होकर लौट गया। ईरान सरकार उसके साथ कोई लम्बी-चौड़ी चर्चा चलाने को रजामंद नहीं हुई। उसकी एक ही मांग है कि तेल कंपनी की आय का 75 प्रतिशत भाग उसे मिलना प्रारंभ हो जाना चाहिए और शेष 25 प्रतिशत भाग वह अंग्रेज कंपनी के क्षतिपूर्ति संबंधी दावों के लिए सुरक्षित रखने को तैयार है। यह उसकी बुनियादी स्थिति है और इससे वह एक इंच भी इधर-उधर होने को तैयार नहीं है।

इसमें शक नहीं कि ईरान के तेल उद्योग से अंग्रेज तेल कंपनी ने खूब फायदा उठाया है और ईरान को मुनाफे का बहुत थोड़ा भाग देती रही है। यदि अंग्रेज तेल कंपनी ने ईरान के प्रति भूतकाल में अधिक उदारता का परिचय दिया होता, तो आज समझौते की संभावना क्षीण न हुई होती तथा ईरान और ब्रिटेन के आपसी संबंधों में इतनी कटुता पैदा नहीं होती। अंग्रेज तेल कंपनी ने एक प्रकार से उस अन्याय को स्वीकार किया है, जो उसके हाथों ईरान के प्रति हुआ है। वह मुनाफे का आधा भाग ईरान को देने को उद्यत है। उसने सिद्धांत रूप में तेल उद्योग के राष्ट्रीयकरण के सिद्धांत को भी स्वीकार कर लिया है और यदि ईरान सरकार उसके साथ समझौते की चर्चा करने को तैयार हो जाये तो वह और भी रियायतें देने को प्रस्तुत हो सकती है। किन्तु ईरान की सरकार अपने तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर डालने पर तुल गयी है। ईरान का लोकमत राष्ट्रीयकरण की मांग कर रहा है और ईरान की कोई सरकार जो सत्तारूढ़ रहना चाहती है, अपने लोगों की भावनाओं का अनादर करने का साहस नहीं कर सकती।

अंग्रेज तेल कंपनी के हितों के साथ ब्रिटिश सरकार के हित भी जुड़े हुए हैं। इसलिए वह भी ईरान के साथ प्रत्यक्ष संघर्ष में उतर आयी है। तेल कंपनी में बहुत से अंग्रेज काम करते हैं। ब्रिटिश सरकार इन ब्रिटिश नागरिकों की जीवन-रक्षा के लिए चिन्तित हो उठी है।

# समस्या बढ़ाएगा कमजोर मानसून

**भारत में चावल का पर्याप्त सरकारी भंडार है और वह मुख्य खरीफ फसल में कमी को पूरा कर सकता है। अलबत्ता, दलहन और तिलहन पर अल नीनो का असर पड़ेगा।**



यहां स्कैन करें

**के जे रमेश** | पूर्व डीजीएम, मौसम विभाग

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीते सप्ताह आशंका जताई कि मानसून में देरी के कारण खरीफ फसलों की बुवाई पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, क्योंकि 315 जिलों में सामान्य से कम वर्षा होने के आसार हैं। कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि देश के 111 जिलों को सबसे अधिक संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है, क्योंकि वहां सिंचाई की सुविधा 25 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा, 'मानसून में देरी हुई है। अब तक 43 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है।' भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, 2 जुलाई को समाप्त होने वाले सप्ताह तक मानसून के कमजोर रहने का अनुमान है।

इस साल 14 जून तक मानसून में 28.4 प्रतिशत वर्षा की कमी दर्ज की गई। यदि अगले महीने भी यह कमी बनी रहती है, तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो जाएगी। इससे उपज पर असर पड़ेगा। मौसम विभाग ने इसका कारण अल नीनो को बताया है और कहा है कि जून-सितंबर में दक्षिण-पश्चिमी मानसून के आगे बढ़ने के साथ इसके और मजबूत होने की आशंका है। हालांकि, एक सुखद संभावना यह है कि हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की सकारात्मक स्थिति, जिसमें पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में पश्चिमी हिंद महासागर का पानी अधिक गर्म होता है, मानसून पर अल नीनो के कुछ प्रतिकूल प्रभावों को कम कर दे। अगर हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया, तो इस बार देश में बारिश कम होगी।

अल नीनो वास्तव में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में होने वाली गर्मी है, जो विश्व भर में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करती है। भारत में यह कमजोर मानसून की आशंका को बढ़ाती है। 1951 से अब तक, 16 अल नीनो वर्षों में से 12 में सामान्य से कम या अपर्याप्त वर्षा हुई, जबकि छह या सात साल स्थिति ज्यादा खराब रही। वर्षा को सामान्य से कम तब माना जाता है, जब यह दीर्घकालिक औसत का 90-95 प्रतिशत हो और अपर्याप्त तब माना जाता है, जब यह उस मानक से 10 प्रतिशत से अधिक तक कम हो।

अल नीनो का असर 2027 की शुरुआत तक जारी रह सकता है, इससे अगले साल भी उच्च तापमान का खतरा बना रहेगा। भारत के कुछ हिस्सों में पीने के पानी की कमी हो सकती है, जिस तरह 2015-16 के अल नीनो के बाद हुई थी। अल नीनो आमतौर पर प्रशांत महासागर के ऊपर चलने वाली हवाओं को कमजोर करके भारतीय मानसून को दबा देता है। भारत ने 2015 के दौरान मजबूत अल नीनो प्रभाव का अनुभव किया। उस साल जून-अगस्त के तीन महीनों के दौरान 1.3 डिग्री सेल्सियस गर्मी दर्ज की गई, जो 26 जून 2026 को पार करके 1.34 डिग्री सेल्सियस हो चुकी है। नवंबर 2015 से जनवरी 2016 के दौरान अल नीनो वार्मिंग अपने सबसे ऊंचे स्तर 2.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गई थी, जिसके कारण 2015 के मानसून (जून-सितंबर) में 12.7 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि, तब खाद्य उत्पादन में गिरावट न के बराबर रही। मौजूदा साल में मानसूनी बारिश में लगभग 10 प्रतिशत की कमी का अनुमान है, क्योंकि अक्तूबर-दिसंबर तक अल नीनो वार्मिंग 2.5-3.0 डिग्री तक पहुंच सकती है।

'इंडियन ओशन डाइपोल' (आईओडी) हिंद महासागर में मौसम को प्रभावित करने वाला एक अहम कारक है, जो हमारे मानसून की क्षमता पर काफी असर डालता है। लाभकारी आईओडी तब माना जाता है, जब पश्चिमी हिंद महासागर (अफ्रीका के पास) पूर्वी हिस्से (इंडोनेशिया के पास) की तुलना में अधिक गर्म हो जाता है। तापमान का यह अंतर पश्चिम में कम दबाव बनाता है, नमी वाली हवाओं को भारतीय उपमहाद्वीप की ओर खींचता है। 2015 के मानसून के दौरान प्रशांत महासागर में मजबूत अल-नीनो और पश्चिमी हिंद महासागर में अधिक आईओडी एक साथ देखे गए थे। भारत में वार्षिक वर्षा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा चार महीने के मानसून में प्राप्त होता है। कमजोर मानसून कृषि के अलावा अन्य चीजों पर भी असर डालेगा।

कुल मिलाकर, मानसूनी बारिश पर बहुत कुछ निर्भर करता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं, सामान्य से कमजोर मानसून और अल नीनो के कारण खाद्य महंगाई पर दबाव बना रह सकता है। रिजर्व बैंक ने माना है कि महंगाई के बढ़ने के पीछे मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, ईंधन के दाम में बढ़ोतरी रही है, क्योंकि आम जरूरत के सामान की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

वैसे, अल नीनो का असर भारत ही नहीं, पश्चिम पर भी पड़ रहा है। पूरा यूरोप हीट डोम के कारण भीषण गर्मी से झुलस रहा है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली की सरकारों ने प्रचंड गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किए हैं। एक नए शोध के अनुसार, दुनिया के कई देश वर्ष 1970 के दशक की तुलना में दो महीने अधिक 'हीट स्ट्रेस' (गर्मी और उमस का भीषण असर) का सामना कर रहे हैं। शोधकर्ताओं ने इसके लिए जीवाश्म ईंधन और ग्लोबल वार्मिंग को मुख्य कारण बताया है। शोध के निष्कर्ष जलवायु परिवर्तन केंद्रित पत्रिका *नेचर* में प्रकाशित हुए हैं। इस अध्ययन के अनुसार, जो क्षेत्र पहले गर्म हवाओं से बचे रहते थे, वे भी अब इसे ज्यादा महसूस कर रहे हैं।

अनुमान है, साल 2026 में आईओडी का स्तर 1.3 डिग्री से ऊपर तक पहुंच जाएगा और 2026 की मानसूनी बारिश पर अल नीनो के प्रभाव को बेअसर कर देगा। हालांकि, इसका पता सितंबर तक ही चल पाएगा। बुवाई क्षेत्र में अब तक तो खास चिंता नहीं दिख रही है। एहतियात के तौर पर, कृषि मंत्रालय पहले से ही किसानों को खरीफ सीजन के लिए कम अवधि और नमी प्रतिरोधी फसल बोने की सलाह दे रहा है। उधर, आने वाले चार सप्ताह में मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत में लगातार सक्रिय मानसून बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बना रहा है।

कुल मिलाकर, अब तक खरीफ क्षेत्र के लगभग 10 प्रतिशत हिस्से में बुवाई का काम हो चुका है। 22 जून तक सभी तरह की खरीफ फसलों का कुल रकबा 1.17 करोड़ हेक्टेयर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1.13 करोड़ हेक्टेयर के मुकाबले अधिक है। वैसे भी, ज्यादा चिंता की बात नहीं है, भारत के पास चावल का पर्याप्त भंडार है और वह मुख्य खरीफ फसल में कमी को पूरा कर सकता है। हां, बारिश पर निर्भर दलहन और तिलहन के उत्पादन पर असर पड़ेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



# विवाह संस्था को बचाने के लिए आगे आए समाज



यहां स्कैन करें

**ऋतु सारस्वत** | समाजशास्त्री

पहले सोनम और अब सिया- मीडिया में छाई ये खबरें सभी को स्तब्ध कर रही हैं। ऐसा लगातार क्यों हो रहा है? यह प्रश्न बार-बार मन में कौंध रहा है। यदि वह किसी और के प्रेम में थी, तो फिर उसने इस विवाह के लिए सहमति ही क्यों दी? वह मंगनी से इनकार भी तो कर सकती थी? आखिर क्यों किसी माता-पिता से उनका बेटा इस प्रकार छीन लिया गया? ये वे अनुत्तरित प्रश्न हैं, जिनका उत्तर खोज पाना सरल नहीं दिखता। हर कोई उस सोच और मनःस्थिति को समझना चाहता है, जिसने सोनम, सिया या मुस्कान को यह विश्वास दिलाया कि जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान संवाद, असहमति या अलगाव में नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति को अपने रास्ते से हटा देने में निहित है।

स्त्री हिंसा और उससे जुड़ी सामाजिक हकीकत पर हम प्रायः विमर्श करने से बचते रहे हैं। जब कभी किसी महिला की संलिप्तता किसी जघन्य अपराध में सामने आती है, उसे अपवाद मानकर भुला दिया जाता है। बीते दशकों में ऐसी अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिन्होंने उस धारणा को गंभीर चुनौती दी है, जो हिंसक व्यवहार व अपराध को मुख्यतः पुरुष व्यवहार से जोड़ती रही है। यह विषय गौर करने योग्य है, क्योंकि किसी सामाजिक यथार्थ को समझने के लिए उसके उन पक्षों पर भी चर्चा जरूरी होती है, जिनकी उपेक्षा लंबे समय तक होती रही हो।

**जब कोई संबंध भावना के स्तर पर खत्म हो चुका हो, तब उससे सम्मान के साथ बाहर निकलने का साहस समाज प्रदान करे।**

पैट्रीशिया पियर्सन ने अपनी किताब *व्हेन शी वाज बैड : वायलेंट वूमेन ऐंड द मिथ ऑफ इनोसेंस* में इसी प्रश्न को केंद्र में रखा है। स्त्री की हिंसा के विविध रूपों का विश्लेषण करते हुए वह लिखती हैं, हमारी संस्कृति महिलाओं की आक्रामकता की अंतर्निहित क्षमता को स्वीकार करने से इनकार करती रही है। उनके अनुसार, हिंसा को समझने, उसके कारणों को पहचानने और उसे नियंत्रित करने के लिए महिला आक्रामकता के बारे में प्रचलित धारणाओं की समीक्षा आवश्यक है। जब तक समाज महिलाओं को केवल पीड़िता या नैतिक रूप से श्रेष्ठ प्राणी के रूप में देखता रहेगा, वह महिला की हिंसा और उससे जुड़ी सामाजिक वास्तविकताओं को समग्रता में समझ नहीं पाएगा।

किसी भी समाज की व्यवस्थागत संरचना को बनाए रखने में विवाह संस्था एक महत्वपूर्ण स्तंभ की भूमिका निभाती है। इसीलिए इसके विभिन्न आयामों पर निरंतर शोध किए जाते हैं व पुस्तकें लिखी जाती रही हैं। विवाह की चर्चा होते ही विवाहेतर संबंधों पर विचार अनिवार्य हो जाता है, पर इसके साथ एक गंभीर मिथक जुड़ा हुआ है। साहित्य, सिनेमा व सामाजिक विमर्श में विवाहेतर संबंधों को प्रायः पुरुष व्यवहार से जोड़कर देखा गया है। नतीजतन, स्त्रियों की भूमिका पर या तो कम चर्चा हुई है अथवा उसे अपवाद मानकर टाल दिया गया।

बड़ा सवाल है, सोनम, मुस्कान या सिया के मन में क्या एक क्षण के लिए भी यह प्रश्न नहीं कौंधा होगा कि आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, डिजिटल साक्ष्य और निरंतर विकसित होती पुलिस विवेचना के युग में ऐसे अपराधों को लंबे समय तक छिपाए रखना अत्यंत कठिन है? क्या उन्हें यह आभास नहीं था कि सत्य अंततः सामने आ सकता है? यदि ऐसा था, तो फिर इतना बड़ा जोखिम लेने के पीछे कौन-सी मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया कार्य कर रही थी? विवाह संस्था किसी भी सभ्य समाज के लिए अपरिहार्य है, पर उतना ही आवश्यक यह भी है कि जब कोई संबंध भावनात्मक रूप से खत्म हो चुका हो, तब उससे सम्मानजनक व वैधानिक रूप से बाहर निकलने का साहस भी समाज प्रदान करे। यदि संबंध-विच्छेद की अपेक्षा सामाजिक प्रतिष्ठा को अधिक महत्व दिया जाएगा; यदि विवाह को हर परिस्थिति में निभाने का दबाव अंतिम विकल्प बना रहेगा, तो इसके दुष्परिणाम समाज को भी भुगतने पड़ेंगे।

इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि अपराध का कोई औचित्य सिद्ध किया जा रहा है, बल्कि यह समझना है कि स्वस्थ समाज केवल अपराधियों को दंड देकर नहीं बनता, बल्कि वह उन सामाजिक परिस्थितियों की भी पहचान करता है, जो कभी-कभी व्यक्तियों को विनाशकारी निर्णय की ओर धकेल देती हैं। यदि समाज ने समय रहते इन प्रश्नों पर गंभीर आत्ममंथन नहीं किया, तो पुणे और इंदौर जैसी त्रासदियां घटती रहेंगी।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# नींद क्यों नहीं आती

जितनी सभ्यता विकसित होती गई, उतनी आदमी की नींद कम होती गई, क्योंकि मन दिन भर इतना उलझा हुआ रहता है। उसे विश्राम ही नहीं मिलता। हमारा शरीर तो बिस्तर पर सोया होता है, लेकिन मन अभी भी बाजार में भटकता रहता है। जिंदगी में जो भी महत्वपूर्ण है, वह छोड़ने की कला से मिलता है।

नींद आने का एक ही सूत्र है कि आप कुछ मत करें। आप चुपचाप बस पड़ जाएं, ताकि नींद आ सके। नींद तब उतरती है आपके ऊपर, जब आप कुछ भी नहीं करते। अगर आपको नींद नहीं आती हो, तो मजे से बिस्तर पर पड़े रहें और नींद न आने का मजा लेते रहें। आप नींद के लिए सीधा कुछ मत करें। कोई भी सीधी चेष्टा बाधा है। फ्रांस के एक बहुत बड़े विचारक 'कुए' ने एक सूत्र विकसित किया है। वह सूत्र है, 'लॉ ऑफ रिवर्स इफेक्ट' विपरीत परिणाम का नियम। कुछ चीजें हैं, जिनमें आप अगर प्रयास करें, तो उल्टा परिणाम हाथ आता है। नींद वैसी ही चीज है, आपको उलटा परिणाम हाथ आएगा। नींद के लिए समर्पण बहुत जरूरी है। बिल्कुल छोड़ दें अपने आपको, जैसे फिसल गए हों। आज की जिंदगी बहुत ज्यादा भाग-दौड़, सक्रियता से भरी है। वही सक्रियता नींद में भी प्रवेश करती है।

नींद के लिए सोने से पहले एक छोटा-सा ओशो का बताया हुआ नुस्खा प्रयोग कर सकते हैं। दरअसल, हमारे मस्तिष्क के दो हिस्से हैं- दायां और बायां। बायां हिस्सा तर्क और विचार से जुडा है, तो दायां भाग भाव और शांति से जुड़ा होता है। आपका दाहिना हाथ आपके बाएं मस्तिष्क से जुड़ा हुआ है और आपका बायां हाथ मस्तिष्क के दाहिने भाग से जुड़ा हुआ है। तो जब भी आपको लगे कि बहुत ज्यादा सोच-विचार चल रहा है और आप इसे रोक नहीं सकते, तो अपने दोनों हाथों को तेजी से रगड़ें। तब तक रगड़ते रहें, जब तक कि वे गर्म नहीं हो जाते। अपनी आंखें बंद करें और महसूस करें कि वे गर्म और गर्म हो रहे हैं। अपनी कल्पना को सहारा दें और हाथ वास्तव में गर्म हो जाते हैं। जब हाथ गर्म होते हैं, तो सिर ठंडा हो जाता है। ये दो ध्रुव हैं। एक बिंदु पर अचानक आपको महसूस होगा कि विचार रुक गए हैं और दिमाग की ऊर्जा हाथों में घूम रही है। अब आप धीरे से नींद की आगोश में उतर सकते हैं। जिन लोगों को नींद नहीं आती, उनके लिए यह सबसे अच्छी दवा है, किसी भी 'ट्रैंक्विलाइजर' से बेहतर।

**ओशो कहते हैं कि जो व्यक्ति ठीक से सो नहीं पाता, वह ठीक से जी भी नहीं पाता। नींद को जीवन में वापस लाना जरूरी है। मानवता के मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।**

ओशो कहते हैं, हमने इस बात पर ध्यान ही नहीं दिया कि मनुष्य के जीवन में आने वाली सभी बीमारियों और विकारों का मूल कारण नींद की कमी है। जो व्यक्ति ठीक से सो नहीं पाता, वह ठीक से जी भी नहीं पाता। नींद को मनुष्य के जीवन में वापस लाना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**अमृत साधना**

**गैरी कास्परोव** | पूर्व विश्व चैंपियन, शतरंज



**मैं बरसों से यह लिखता आ रहा हूं, लेकिन लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, मानो ट्रंप जैसे चरमपंथी राष्ट्रपति अचानक प्रकट हो गए हों। ऐसा नहीं है। दरअसल, घबराई हुई बहुसंख्यक आबादी गिरावट की होड़ में दक्षिणपंथी रुख अपनाती है।**

## अनुलोम-विलोम
### इस्तीफे की राजनीति



# सिर्फ इस्तीफों से यह दाग नहीं धुलेगा

अयोध्याजी के राम मंदिर में चढ़ावे में चोरी हुई है, इसमें तो अब कोई संदेह नहीं है। इस मामले में कुछ लोगों के इस्तीफे से इंसाफ नहीं होने वाला। यह आस्था से खिलवाड़ का मामला है और इसमें दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के साथ-साथ मंदिर की व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

चढ़ावे में कथित गड़बड़ी और चंदा में मिले करोड़ों रुपये व कीमती आभूषणों के गायब होने के आरोपों के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले अयोध्या पुलिस ने मंदिर में चोरी, धन और कीमती सामान के कथित गबन से जुड़े मामले में आठ नामजद लोगों और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की थी।

दरअसल, युगों-युगों से सनातनियों की आस्था के केंद्र रहे और जन-जन के रोम-रोम में बसने वाले प्रभु श्रीराम के मंदिर में चोरी की घटना ने भारत ही नहीं, बल्कि विश्व भर के करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। जिस मंदिर की सुरक्षा चौबीसों घंटे अत्याधुनिक तकनीक द्वारा होती हो, जिसके चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की निगरानी हो और जहां की सुरक्षा व्यवस्था के कई स्तर हों, वहां यदि करोड़ों रुपये मूल्य की दान-राशि व आभूषणों की चोरी की बात सामने आए, तो यह आश्चर्य का नहीं, बल्कि मंदिर प्रबंधन, प्रशासन और समाज, तीनों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है।

यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि मंदिर की दान-राशि की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ लोग ही इस कृत्य में शामिल थे, तो यह न केवल निंदनीय होगा, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात होगा। भगवान को श्रद्धापूर्वक अर्पित दान में बेईमानी आर्थिक अपराध ही नहीं है, यह धार्मिक व नैतिक विश्वास का भी घोर उल्लंघन है। दुखद बात यह है कि जो स्वयं को प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त बताते हैं, यदि उन्हीं के हाथों मंदिर की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लग जाए, तो यह स्थिति वाकई पीड़ादायक है।

यह घटना एक बड़ा संदेश देती है कि किसी भी धार्मिक संस्था का संचालन केवल विश्वास के आधार पर नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही व नियमित निगरानी के आधार पर होना चाहिए। मंदिर हो, मस्जिद हो, गुरुद्वारा हो या चर्च, जब कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए आस्था के केंद्र की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, तो वह करोड़ों लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है। इस अपराध का दाग इस्तीफों से नहीं, बल्कि सभी दोषियों को कड़ी सजा दिलाकर ही धोया जा सकता है।

**अरविंद रावल**, टिप्पणीकार

# जांच पर आंच न आए इसीलिए त्यागपत्र

राम मंदिर के चढ़ावे में गबन और चोरी के विवाद के कारण निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए ही चंपत राय ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के महासचिव पद से इस्तीफा दिया है। ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने भी अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया है। कुछ तत्वों द्वारा यह अफवाह उड़ाई जा रही है कि चंदा चोरी के ये ही मुख्य आरोपी हैं, जबकि इन दोनों के इस्तीफों को नैतिक आचरण के तौर पर लिया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष जांच दल की प्रारंभिक रिपोर्ट आने और आठ लोगों की गिरफ्तारी के बाद पारदर्शी जांच के लिए चंपत राय ने इस्तीफा दिया। ये दोनों कानून और संविधान का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं और जांच को निष्पक्ष रखने और कानून के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए ही उन्होंने यह निर्णय लिया है, क्योंकि जांच के दायरे में कुछ संदिग्ध लोगों की भूमिका सामने आई है। वैसे भी, चंपत राय बंसल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख नेता हैं। राम मंदिर आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 1975 में आपातकाल के दौरान आरएसएस से जुड़े होने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। करीब 18 महीने वह जेल में रहे। इसके बाद उन्होंने अध्यापन छोड़ दिया और प्रचारक के रूप में संघ से जुड़ गए। साल 2002 में वह विहिप के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री के पद पर रहे। चंपत राय विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्हें 'अयोध्या का एनसाइक्लोपीडिया' कहा जाता है, क्योंकि राम जन्मभूमि विवाद और ऐतिहासिक दस्तावेजों की उन्हें गहन जानकारी है। वह 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के दौरान कारसेवकों के साथ सक्रिय रूप से मौजूद थे। महासचिव पद पर रहते हुए उन्होंने मंदिर निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, और दान की देखरेख का काम संभाला।

इसी तरह, मूल रूप से अंबेडकर नगर के रहने वाले अनिल मिश्रा भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लंबे समय से जुड़े रहे हैं और पेशे से एक होम्योपैथिक चिकित्सक हैं। 22 जनवरी, 2024 को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के यह मुख्य यजमान थे। मिश्रा केंद्र सरकार द्वारा गठित इस प्रतिष्ठित ट्रस्ट के उन चुनिंदा चेहरों में शामिल हैं, जिन्हें मंदिर के भव्य निर्माण और प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस तथाकथित वित्तीय अनियमितता के सामने आने के बाद उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए ही इस्तीफा दिया है। इसलिए इन दोनों गणमान्य व्यक्तियों पर अनर्गल आरोप लगाना कतई उचित नहीं। जांच पूरी होने के बाद दोनों बेदाग निकलेंगे, ऐसी हमें आशा है।

**दीपक कुमार**, टिप्पणीकार

# सही सोच के तीन बड़े दुश्मन

**जीवन में स्पष्टता होना जरूरी है। जिस व्यक्ति को पता है कि उसे कहां जाना है, उसके लिए कठिन रास्ते भी आसान हो जाते हैं। कमी समय की नहीं, स्पष्टता की है। जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारियां, अनकही भावनाएं और लगातार फैसलों की थकान, ये सब सोच को धुंधला कर देते हैं। अच्छी बात यह है कि हम मन पर छाई इस धुंध को हटा सकते हैं।**



### आज का क्लैरिटी चैलेंज

आज रात सोने से पहले केवल तीन बातें लिखिए–

1. आज मैंने किस गैर–जरूरी काम पर समय गंवाया?
2. कल का सबसे महत्वपूर्ण काम क्या है?
3. कल मैं कौन से कामों में समय बेकार नहीं करूंगा?

केवल तीन मिनट का यह अभ्यास कुछ ही दिनों में आपके निर्णय, फोकस और मानसिक स्पष्टता में उल्लेखनीय बदलाव ला सकता है।

**76%**

कामकाजी लोग जीवन और काम में संतुलन न होने के कारण कभी–न–कभी बर्नआउट का शिकार होते हैं, गैलप की एक रिपोर्ट के अनुसार

**73%**

लोग बहुत सारे विकल्पों के बोझ के कारण खुद को मानसिक रूप से थका हुआ व भ्रमित महसूस करते हैं।

जब हमारे भीतर स्पष्टता होती है, तो हम पूरे उत्साह और उद्देश्य के साथ काम कर पाते हैं। जब स्पष्टता नहीं होती, तो हम उलझन, निराशा और हर समय दबाव महसूस करते हैं। सोचिए, यदि आपको पता है कि आपको किस महत्वपूर्ण काम पर ध्यान देने की जरूरत है, यह भी जानते हों कि यह काम आपके जीवन-मूल्यों से कितना जुड़ा है, तो आप सहज ही सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित हो जाते हैं।

मानसिक स्पष्टता बनाए रखना हमेशा आसान नहीं होता। मेरे अनुभव में तीन चीजें हमारी स्पष्टता के रास्ते में बड़ी बाधा बनती हैं- अत्यधिक प्रतिबद्धताएं, अनसुलझी भावनाएं और लगातार निर्णय लेने की थकान।

## दुश्मन नंबर 1: जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारियां ओढ़ना

अक्सर हम अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां स्वीकार कर लेते हैं। नतीजा, हम इतने सारे कामों के तले दबे जाते हैं कि हमें हर काम अति जरूरी लगने लगता है। हर काम के लिए हां कहने के पीछे कई कारण हो सकते हैं- पीछे छूट जाने का डर, लोगों की नाराजगी का डर या अपनी क्षमता को लेकर जरूरत से ज्यादा आशावादी होना। इससे कैसे बचें?

**वरीयता तय करें :** हर सुबह तय करें कि आज का जरूरी काम कौन-सा है। उसी पर अपना फोकस रखें।

**समीक्षा करें :** महीने में एक बार उन सभी कामों की समीक्षा करें, जो आपके जिम्मे हैं। खुद से पूछें-क्या ये सभी काम सचमुच मेरे जीवन का हिस्सा होने चाहिए? क्या ये काम मेरी ही जिम्मेदारी हैं?

**सोच–समझकर चुनाव करें :** जब भी हम किसी काम के लिए हां कर रहे होते हैं, तो उसके बदले में किसी अन्य काम को न कह रहे होते हैं। खुद से पूछें- हम किस काम को हां कह रहे हैं, किस काम के लिए न। नया काम जरूरी है, तो आप समझ जाएंगे कि किस काम को छोड़ना है। ऐसा करने से धीरे-धीरे संतुलन और स्पष्टता बढ़ने लगेगी।

## दुश्मन नंबर 2: अपनी भावनाएं दबाकर रखना



क्रोध, दुख, भय, निराशा, शिकायत या शोक जैसी भावनाओं को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। हमारी अपनी भावनाएं दबी रह जाती हैं। लंबे समय तक ऐसा रहने पर अनकही भावनाएं हमें भटकाएं रखती हैं। हमारी सोच को धुंधला बना देती हैं। यदि आप अक्सर भ्रमित, उलझन में या खुद को निर्णय लेने में असमर्थ महसूस करते हैं, तो अपने भीतर के भावनात्मक बोझ को हल्का करें। कैसे?

**थेरेपी की मदद लें :** कभी-कभी किसी विशेषज्ञ से बातचीत करना भीतर के भावनात्मक बोझ को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय होता है।

**डायरी लिखें :** सिर्फ घटनाओं का विवरण न लिखें, बल्कि यह भी लिखें कि आपने क्या महसूस किया। आप किस बात से डर रहे हैं? किस भावना से बचना चाह रहे हैं? उसे केवल महसूस करें, तुरंत हल निकालने की कोशिश न करें।

**काम शुरू करने से पहले स्वयं से जुड़ें :** किसी महत्वपूर्ण बैठक, प्रोजेक्ट या काम की शुरुआत से पहले कुछ क्षण रुककर स्वयं से पूछें- मैं इस समय क्या महसूस कर रहा हूं?

**अपनी भावनाओं को स्वीकारें :** आपके भीतर जो भी भावनाएं हैं, उन्हें पहचानें, उन्हें स्वीकारें। कई बार हमारी भावनाएं, हमें महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। नियमित रूप से स्वयं को समझने का अभ्यास करने पर यह पहचानना आसान हो जाता है कि कौन-सी भावना पर ध्यान देने की जरूरत है और कौन-सी केवल भीतर जमा हुआ मानसिक शोर है।

अधिकतर मामलों में अपनी भावनाओं को बिना कोई राय बनाए स्वीकार करके छोड़ देना पर्याप्त होता है।

## दुश्मन नंबर 3: लगातार फैसले लेने की थकान

हम दिनभर छोटे-बड़े अनगिनत निर्णय लेते रहते हैं। धीरे-धीरे हमारा दिमाग थकने लगता है। जब सचमुच महत्वपूर्ण फैसले लेने का समय आता है, तब हम बुरी तरह थक चुके होते हैं। यही कारण है कि दिन के अंत में हम या तो गलत फैसले लेते हैं या फिर निर्णय टालते रहते हैं। कैसे बचें?

**महत्वपूर्ण निर्णय सुबह लें :** दिन की शुरुआत में दिमाग सजग होता है। हमारी ऊर्जा अधिक होती है, इसलिए बड़े और जरूरी निर्णय सुबह के समय लेने की कोशिश करें।

**अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करें :** क्या पहनना है, सुबह क्या करना है, भोजन कैसा होगा, घरेलू काम कैसे होंगे आदि चीजें जितनी पहले तय होंगी, उतनी मानसिक ऊर्जा बची रहेगी।

**छोटी बातों पर अधिक न सोचें :** यदि किसी निर्णय के गलत होने पर उसे आसानी से सुधार सकते हैं, तो बात को लंबा न बढ़ाएं। अपनी मानसिक ऊर्जा उन विषयों के लिए बचाकर रखें, जिनके परिणाम वास्तव में महत्वपूर्ण हैं।



### मन का मैदान साफ रखें

ऊपर की तीनों चीजों को मैंने दुश्मन कहा है, पर तीनों हमारे जीवन का हिस्सा हैं। यह हमें ध्यान रखना है कि अत्यधिक प्रतिबद्धताएं हमारे लिए खाली समय की जगह नहीं छोड़तीं। अनसुलझी भावनाएं, हमें थका देती हैं। निर्णय लेने की थकान हमारी मानसिक क्षमता कम कर देती है।

सबसे बड़ी बात, स्पष्टता कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे हमें बाहर से लाना पड़े। वह तो पहले से हमारे भीतर है। हमें केवल उसके लिए जगह बनानी है।

जब हम अनावश्यक बोझ हटाते हैं, भावनाओं को समझते हैं और मानसिक ऊर्जा का सही उपयोग करते हैं, तब स्पष्टता स्वयं सामने आने लगती है।

zenhabits.net

---

विविध

# तनाव के पलों में भी बना रहेगा संतुलन

**एक के बाद एक काम को पूरा करते रहने का दबाव नर्वस सिस्टम को तनाव में बनाए रखता है। ऐसे में किसी लंबे ब्रेक का इंतजार न करें। काम के बीच 30-60 सेकंड के छोटे-छोटे विराम लेना मानसिक संतुलन बनाए रखता है।**



तनाव के पलों में हमारा दिमाग उस लैपटॉप की तरह हो जाता है, जिसमें खुले तो हैं 50 टैब्स और बैटरी बची है केवल 2 प्रतिशत। मनोविज्ञान विशेषज्ञ, वर्कप्लेस पर तनाव की स्थिति को समझने के लिए दो तरह के जोन बताते हैं। एक, ऑप्टिमल जोन, वह स्थिति जब आप बिना हड़बड़ी और घबराहट के अपने ई-मेल्स, आलोचना और काम को सहजता से संभाल लेते हैं।

दूसरा, हाइपो अराउजल जोन है, जब आप लगातार खुद को बेचैन और गुस्सा करते हुए पाते हैं। चिड़चिड़ापन बढ़ा रहता है। ब्रेन फॉग की स्थिति बनी रहती है, कामों को ढंग से पूरा करने के लिए जूझते हैं या जरूरी कामों को छोड़कर यों ही घंटों फोन देखते रहते हैं।

### छोटे-छोटे ब्रेक लीजिए

**1. गहरी सांस का अभ्यास**

**कैसे करें :** नाक से गहरी सांस लें। फिर एक छोटी अतिरिक्त सांस लें। अब मुंह से धीरे-धीरे पूरी सांस छोड़ दें। इसे दो बार दोहराएं।

**समय :** 20-30 सेकंड

**फायदा :** तनाव कम होता है। शरीर को शांत होने का संकेत मिलता है। यह फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों को दोबारा फुलाकर कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालता है। शरीर 'फाइट-या-फ्लाइट' मोड से निकलकर 'रेस्ट-एंड-डाइजेस्ट' यानी सुकून के मोड में आ जाता है।

**2. नजर का दायरा बढ़ाएं**

**कैसे करें :** स्क्रीन से नजर हटाएं। सामने किसी दूर की वस्तु को देखें। बिना आंखें घुमाए दोनों तरफ का दृश्य देखने की कोशिश करें।

**समय :** 30 सेकंड

**फायदा :** तनाव के समय 'टनल विजन' की स्थिति बन जाती है। यानी हम बहुत सीमित चीजें देख पाते हैं, जो खतरे का एहसास बढ़ाती हैं। जब हम नजरों को चौड़ा करके दूर का दृश्य देखते हैं, तो दिमाग को सुरक्षित होने का एहसास होता है।

**3. चाय-कॉफी ध्यान से**

**कैसे करें :** चाय या कॉफी के पहले 3 घूंट पूरी तरह होश में पिएं। कप की गर्माहट, चेहरे पर लगती भाप और स्वाद हर चीज महसूस करें। इस दौरान फोन या ई-मेल्स न देखें।

**फायदा:** यह एक ग्राउंडिंग तकनीक है। इससे मन वर्तमान क्षण में लौटता है। मानसिक भटकाव कम होता है।

**4. हल्का-सा गुनगुनाएं**

**कैसे करें:** लिफ्ट, गलियारे या वॉटर कूलर तक जाते समय 20-30 सेकंड तक धीरे-धीरे गुनगुनाएं। मुंह बंद करके 'मम्म...' की आवाज निकालें। गले और छाती में होने वाला कंपन महसूस करें।

**फायदा :** शरीर की सबसे बड़ी नसों में से एक वेगस नर्व, गले के पास से गुजरती है। हमिंग का कंपन इस नर्व को सक्रिय करता है, जिससे शरीर तुरंत शांत होने लगता है।

**5. बनाएं माइक्रो-बाउंड्री**

**कैसे करें :** लंच करते समय अपने फोन को दराज में या दूसरे कमरे में रख दें। स्क्रीन को सिर्फ उल्टा करके टेबल पर रखना काफी नहीं है।

**फायदा :** दिमाग कुछ मिनटों के लिए हर दबाव से मुक्त हो जाता है, जिससे बाद में फोकस बढ़ता है।

---

# प्रकृति से सीखें सजग रहने के सबक



**रोज की भागदौड़ से परे कुछ देर प्राकृतिक माहौल में बिताएं। जंगल में टहलना हो, नदी किनारे शांत बैठना या पहाड़ों की सैर ... आप पाएंगे कि आपके कई सवालों के जवाब प्रकृति की सहज लय में पहले से मौजूद हैं।**

**प्रकृति** के बीच कुछ समय बिताना तन और मन को तरोताजा कर देता है। अपने खूबसूरत नजारों के साथ कुदरत धैर्य, तरक्की, संतुलन व लचीलेपन के कई सबक भी सिखाती है। प्रकृति के यह सबक ध्यान देने योग्य हैं-

**1. बाधाओं के बावजूद बढ़ती नदियां**

जब नदी के रास्ते में कोई चट्टान आती है, तो वह उससे लड़कर अपनी ऊर्जा बर्बाद नहीं करती। नदी चुपचाप अपना रास्ता बदलकर आगे बढ़ जाती है। यह सबक है कि जीवन में हमेशा बाधाओं से टकराने की जरूरत नहीं होती। कई बार लचीलापन अपनाकर रास्ता बदलने में ही समझदारी होती है।

**2. खामोशी में फलते-फूलते जंगल**

प्रकृति के सबसे बड़े बदलाव खामोशी से होते हैं। जंगल चुपचाप खुद भी बढ़ता रहता है और दूसरों को भी जीवन देता है। हमारे जीवन को गहराई देने वाला विकास भी अक्सर बिना शोर-शराबे, बिना किसी दिखावे और नकारात्मकता से दूर रहते हुए होता है।

**3. हर मौसम में नहीं खिलते फूल**

फूल अपने सही मौसम में ही खिलते हैं और बाकी का समय खुद को तैयार करते हैं। यह सबक याद दिलाता है कि जीवन के हर दौर का एक मकसद होता है। अगर कामयाबी का महत्व है, तो आराम करने, सफलता के लिए खुद को तैयार करने और ठहरकर अपने जीवन को जीना भी उतना ही जरूरी है।

**4. पुराने पत्तों को छोड़ देते हैं पेड़**

पतझड़ में पेड़ बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी पुरानी पत्तियां गिरा देते हैं। वे उन चीजों को पकड़कर नहीं रखते, जिनका समय पूरा हो चुका है। यह हमें अपने दुख और विकास को रोक रही पुरानी आदतों, विचारों और रिश्तों से आगे बढ़ने की सीख देता है। नई चीजों के लिए जगह बनाने के लिए कुछ पुरानी चीजें छोड़नी पड़ती हैं।

**5. एक दिन में नहीं बनते पहाड़**

पहाड़ रातोरात नहीं बनते। वे सदियों के दबाव, बदलाव और धैर्य से आकार लेते हैं। कोई भी मजबूत बुनियाद धीरे-धीरे बनती है। जब लगे कि आपकी प्रगति धीमी है, तब भी अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखें।

**6. प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं**

प्रकृति में पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते भी मिट्टी को पोषण देकर नए जीवन का आधार बनते हैं। जिसे हम अंत समझते हैं, वहीं से किसी नई शुरुआत का रास्ता निकलता है। जीवन की नाकामयाबियां हमारे आने वाले कल की कोशिशों को बेहतर बनाती हैं।

# समय के साथ बदलती नैतिक सोच

अधिकांश लोग मानते हैं कि उनके नैतिक मूल्य स्थायी, सही और अटल हैं। उन्हें लगता है कि वे हमेशा उन पर टिके रहेंगे। हालांकि, अगर हम ईमानदारी से विचार करें, तो पाएंगे कि बचपन से लेकर युवावस्था और आज तक हमारी नैतिक सोच में कई बदलाव आए हैं।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नैतिक सोच में बदलाव कमजोरी का संकेत नहीं है। यह नए अनुभवों और जीवन को अलग दृष्टिकोण से समझने की सामान्य प्रक्रिया है। कार्नेल यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक ऑडुन डाहल के अनुसार, लोग अपने नैतिक मूल्यों से अलग सोच रखने वालों को गलत, भ्रमित या स्वार्थी समझते हैं। जबकि, यह पूरा सच नहीं है। शोध के अनुसार, नैतिक विचार मुख्य तीन कारणों से बदलते हैं। पहला, समय के साथ हमारी संवेदनशीलता बढ़ती है। हम उन मुद्दों पर भी ध्यान देने लगते हैं, जिन्हें पहले अनदेखा करते थे। दूसरा, हम पुराने मूल्यों को नए हालात से जोड़कर समझने लगते हैं, जैसे हमारे आज के निर्णय भावी पीढ़ियों पर क्या असर डालेंगे? तीसरा, जब दो नैतिक मूल्य टकराते हैं, तो हम संतुलन बनाने के लिए अपने तरीकों पर विचार करते हैं।

कुल मिलाकर, किसी की भिन्न राय को तुरंत गलत मानने के बजाय उसके अनुभवों और कारणों को समझने का प्रयास, हमें बेहतर नतीजों तक पहुंचा सकता है।

## एकदा | स्वार्थ

**एक** शहर में एक अत्यंत सुंदर और भव्य घर था। हर कोई उस घर की प्रशंसा करता था। एक दिन घर का मालिक कुछ दिनों के लिए दूसरे शहर चला गया था।

जब वह लौटा तो देखा कि उसके घर में आग लगी हुई है। भीड़ वहां खड़ी तमाशा देख रही है। अपना घर जलता देखकर वह घबरा गया। लोगों से उसे बचाने की गुहार लगाने लगा। तभी उसका बड़ा बेटा आया और बोला, 'पिताजी, चिंता न करें। माफ कीजिए, आपसे बिना पूछे, मैंने कुछ दिन पहले यह घर तीन गुना दाम पर बेच दिया था।'

यह सुनकर ही पिता की चिंता दूर हो गई। वह भी सबकी तरह उस दृश्य को देखने लगा। कुछ देर बाद दूसरा बेटा आया और बोला, 'पिताजी, सौदा तो हुआ था, पर अभी पैसे नहीं मिले हैं। खरीददार ने अंतिम सहमति भी नहीं दी है।'

यह सुनते ही पिता फिर बेचैन हो गए। घर बचाने के उपाय सोचने लगा। इसी बीच तीसरा बेटा वहां आया और बोला, 'मैं अभी खरीददार से मिलकर आया हूं। उसने कहा है कि वह अपनी बात का पक्का है। चाहे घर जल जाए, वह पूरी रकम देगा।' यह सुनकर पिता फिर से निश्चिंत हो गया।

कुल मिलाकर, दुखी होना और न होना हमारी सोच पर निर्भर करता है। जब हम किसी चीज से जुड़ जाते हैं, तो उसके छिन जाने पर हमें दुख होता है। वहीं, जब हम किसी चीज को खुद से अलग करके देखते हैं, तो हल्का महसूस करते हैं।

---

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** बातचीत में संतुलित रहें। माता की सेहत में सुधार होगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार के विस्तार के लिए माता-पिता से धन मिल सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का भी ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**कर्क :** मन परेशान हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार से लाभ बढ़ेगा।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में मित्रों से लाभ मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पिता की सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार की सेहत के प्रति सचेत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**मकर :** संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे।

**मीन :** मन शांत रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**29 जून**, सोमवार, **शक संवत्** : 08 आषाढ़ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 15 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 13 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तिथि सूर्योदय पूर्व 05.27 मिनट तक पश्चात प्रतिपदा तिथि। चंद्रमा धनु राशि में (दिन–रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09 बजे तक राहुकालम्। भद्रा सायं 04.17 बजे तक। शुद्ध ज्येष्ठ पूर्णिमा। संत कबीर जयंती। वट सावित्री व्रत (पूर्णिमा पक्ष)। श्री सत्यनारायण व्रत। गंडमूल रात्रि 04.04 मिनट तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**नया घर बनवाते समय इन बातों का रखें ध्यान :**

- घर का प्लॉट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए। बिल्डिंग का गेट दक्षिण से पश्चिम की ओर न लगवाएं। मुख्य द्वार के एकदम सामने गेस्ट रूम का टॉयलेट रखना बड़ा वास्तु दोष माना जाता है।
- मुख्य द्वार के एकदम सामने टॉयलेट होना अच्छा नहीं होता। ईशान कोण में गेस्ट रूम एवं टॉयलेट बनाना भी बड़े वास्तु दोष हैं।
- सर्वेंट रूम और उनके टॉयलेट भी इस दिशा में न बनाएं। घर की लिफ्ट उत्तर दिशा में न बनवाएं। लिफ्ट की सही दिशा उत्तर पश्चिम होती है।

### वर्ग पहेली : 8374



**बाएं से दाएं**

1. कठोर व्यवहार करके अपने अनुकूल बनाना; ठीक रास्ते पर लाना; लक्ष्य की ओर लगाना (2,3)
5. कतवार; कूड़ा (4)
6. निपुण तथा योग्य बनाने के लिए दिए जाने वाले उपदेश; पढ़ना-लिखना सीखने का कार्य; शिक्षा (3)
8. वात-व्याधि; वायु विकार के कारण हुआ रोग (2,2)
9. अपराध; दोष (3)
11. किसी घटना का मंच पर प्रदर्शन (3)
12. रूठना; नाराज होना; गहरा होना; बढ़ना (4)
13. अथ; आदि; चलन; प्रारंभ; मूल; शुरू (3)
14. भिड़वाना; विवाद करवाना; झगड़ा करवाना; लड़ाई करवाना (4)
15. सवाल रखना; कुछ मनवाने के उद्देश्य से अपनी मांग प्रस्तुत करना (2,3)

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मविश्वास के साथ चलना; गर्व से चलना; छाती फुला कर चलना (2,2,2,3)
2. लेखनी; पौधा उगाने के लिए गाड़ी गई टहनी (3)
3. संकट से उबरना; दूसरे किनारे पर पहुंचना (2,3)
4. कस-कस कर भरना; ठसाठस भरना; दबा-दबा कर अधिक-से-अधिक मात्रा में भरना (2,2,2,3)
7. मध्यस्थता करना; चर्चा कराना; शुरुआत कराना; संवाद शुरू कराना (2,3)
10. घुटवाना; पिसवाना; रगड़ा लगवाना (5)
13. आमद; प्राप्ति; बिक्री के लिए सामान आना; माल की आमद (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8373

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 उ | 2 प | हा | 3 स | क | 4 र | ना | |
| 5 प | ठा | र | | र | | सी | | 6 दा |
| | ना | | 7 चा | ल | ब | द | ल | ना |
| 8 त | | 9 आ | | ता | | का | | डा |
| 10 द | ल | द | ल | | 11 क | ट | ह | ल |
| नु | | र | | 12 ब | ना | ना | | ना |
| 13 सा | ह | स | क | र | ना | | 14 पू | |
| र | | त्का | | बा | | 15 ख | र | ल |
| | 16 म | र | ते | द | म | त | क | |

### सुडोकू : 8335

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | 3 | | | | | | 6 | 2 |
| 5 | 2 | | | | | | 4 | 9 |
| 2 | | | 6 | | 8 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| 4 | 8 | | | | | | 3 | 7 |
| 6 | 1 | | | | | | 8 | 5 |
| | | | | 6 | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8334

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

# Last Day To Join Private Channel.
# Closing entry for new members Now.

**Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times

And more Newspapers

**InternationalNewspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

**Magazine Channel**

National & International

[Genaral & Exam related]

**English Editorials**

[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## Lifetime validity at just 19 Rupees

Trust me... this will be your best purchase of 2026